




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 19 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 1 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### सेना की जानकारी लीक कर रहा था अधिकारी, राष्ट्रपति मुर्मू ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले सेना के एक अधिकारी के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्रवाई की है। खबर है कि राष्ट्रपति ने मेजर को बीते महीने ही सेवा से बाहर कर दिया था। अधिकारी के खिलाफ बड़ा ऐक्शन लंबी जांच के बाद लिया गया था। कहा जा रहा है कि वह सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान में भी किसी के संपर्क में था। खबर है कि सेवाएं समाप्त होने से पहले मेजर स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड (SFC) की यूनिट में काम कर रहा था। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बीते साल ही मेजर के खिलाफजांच के लिए SFC ने बोर्ड का गठन किया था, जिसमें कई बड़े अधिकारी शामिल थे। भारत के परमाणु शस्त्रागार का काम देखने वाले कमांडर इन चीफबोर्ड के प्रमुख थे। जांच के दौरान बोर्ड के अधिकारियों को मेजर की सभी डिजिटल डिवाइसेज जब्त करने के अधिकार भी दिए गए थे। गोपनीय जानकारी साझा करने या लीक करने, सोशल मीडिया नियमों का उल्लंघन करने समेत अन्य सुरक्षा संबंधी जांच के आदेश भी दिए गए थे। अधिकारियों ने जानकारी दी कि मेजर के पास कई गोपनीय दस्तावेज मिले हैं, जो उसने अपनी डिवाइस में रखे थे। यह सशस्त्र बलों के नियमों का उल्लंघन है। साथ ही वह पाकिस्तानी खुफिया व्यवस्था के किसी व्यक्ति के साथ भी सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में था।

### 100 रुपए महंगा हुआ 19 किग्रा कमर्शियल सिलेंडर, नहीं बढ़े घरेलू रसोई गैस के दाम

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को दामों की समीक्षा करती हैं। ताजा खबर यह है कि 1 नवंबर 2023 की समीक्षा के बाद 19 किलो वाले कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर के दाम 100 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। नए दाम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। राहत की बात यह है कि घरेलू रसोई गैस के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। घरेलू एलपीजी की कीमत दिल्ली में 903 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर अपरिवर्तित रही। पिछले महीने भी कमर्शियल सिलेंडर महंगा हुआ था, जबकि घरेलू सिलेंडर के दाम में बदलाव नहीं किया गया था।

## वैशाली नगर में जीत का सूखा खत्म करने जी जान से जुटे कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर

# इस बार कांग्रेस का सिरदर्द जड़ से खत्म करेंगे मुकेश!

श्रीकंचनपथ इलेक्शन न्यूज़

### न भाजपा न संघ, वैशाली नगर है विकास का गढ़

**भिलाई।** महीने की पहली तारीख के साथ ही प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार अभियान भी तेज़ हो गया है। जिले में दूसरे चरण में 17 नवम्बर को वोटिंग होनी है। ऐसे में प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार भी गति पकड़ रहा है। सामाजिक समूहों की लामबंदी के साथ ही घर-घर जनसम्पर्क अभियान जोरों पर है। बैनर-पोस्टरों के साथ ही प्रचार करते वाहन भी अलग-अलग क्षेत्रों में नजर आ रहे हैं। चौंक-चौराहों और चाय-पान की गुमटियों में भी चुनावी चर्चाएं चलने लगी है। राजनीतिक दल जहां मतदाताओं का मानस टटोलने और अपना प्रभाव जमाने में जुटे हैं, वहीं प्रत्याशी भी मतदाताओं से भावनात्मक रूप से जुड़कर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। इन सबके बीच पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे को घेरने से नहीं चूक रहा है। सत्तारूढ़ दल जहां अपनी उपलब्धियां गिनवा रहा है, वहीं विपक्षी दल सरकार की कमजोरियों पर प्रहार कर रहा है। जिले की वैशाली नगर सीट पर सबकी निगाहें लगी हुई है, क्योंकि यह जिले की इकलौती सीट है, जहां कांग्रेस व भाजपा दोनों ने ही नए प्रत्याशी उतारे है। कांग्रेस, यहां से जीत का



सूखा खत्म करने के मूड़ में है। पार्टी प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर की मंशा है कि इस बार वैशाली नगर फतह कर नया अध्याय लिखा जाए। यहां पार्टी सिर्फ एक बार उपचुनाव में जीती थी।

जिस वैशाली नगर को भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है, इस बार कांग्रेस वहां परचम लहराने का बेकरार है। पिछड़ा वर्ग बाहुल्य इस सीट पर भले ही दोनों ही दलों ने जातीय समीकरणों को देखते हुए टिकट वितरित की है, लेकिन यहां सत्तारूढ़ दल कांग्रेस की स्थिति भाजपा की अपेक्षा बेहतर बताई जा रही है। कांग्रेस ने यहां से पार्टी के जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को उतारकर चुनाव को रोचक बना दिया है। हाल ही में श्री चंद्राकर ने कुरूद में एक सामाजिक बैठक लेकर अपने चुनाव अभियान का श्रीगणेश किया था। उसके बाद से लगातार जनसम्पर्क अभियान जोरों पर है। मतदाता श्री चंद्राकर का क्षेत्र में भरपूर स्वागत-सत्कार कर रहे हैं, उन्हें जीत का आशीर्वाद दे रहे हैं। पिछले दो चुनावों में लगातार भाजपा का साथ देने वाले मतदाता पूछ रहे हैं कि भाजपा को वोट देकर उन्हें क्या मिला? क्षेत्र के नागरिक मूलभूत सुविधाओं तक को तरसते रहे। इसी दौरान मुकेश चंद्राकर को जिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया, जिसके बाद इस विधानसभा क्षेत्र में सांगठनिक कसावट के साथ ही विकास के भी द्वार खुले। भले ही यहां भाजपा का विधायक था, किन्तु कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने अपने स्तर पर विकास के काम करवाए। प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार ने भी क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग दिया। यही वजह है कि कांग्रेस प्रत्याशी श्री चंद्राकर पूरी दमदारी से कह रहे हैं कि हमने वैशाली नगर क्षेत्र में काम करके दिखाया है, जबकि पहले तक क्षेत्र विकास के लिए तरसता रहा।

### सिर्फ उपचुनाव में मिली जीत

2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई वैशाली नगर सीट से कांग्रेस पार्टी को महज एक बार 2009 के उपचुनाव में ही जीत नसीब हुई थी। उसके बाद 2013 और 2018 में हुए चुनावों में भाजपा ने विजय पताका फहराई। कांग्रेस के लिए यह सीट प्रारम्भ से ही सिरदर्द रही है। क्योंकि यहां हुए पहले चुनाव में भी भाजपा ने ही जीत दर्ज की थी। लेकिन इस बार कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर पार्टी का यह सिरदर्द जड़ से दूर करने को तत्पर हैं। इससे पहले यह जरूरी था कि पार्टी के तमाम नेता व कार्यकर्ता एकजुट हों। इसी एकजुटता के लिए हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तमाम स्थानीय नेताओं को रायपुर तलब किया था। इनमें ज्यादातर टिकट के दावेदार थे। सभी को एकजुटता और मिलजुलकर चुनाव लड़ने की समझाईश दी गई। इसके बाद से वैशाली नगर में खेल बदलता दिख रहा है। हाल ही में कुछ विपरीत खबरें भी आई, लेकिन समय रहते स्थितियों को नियंत्रित कर लिया गया।

### विकास की गंगा अब वैशाली नगर में बहेगी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की हाल ही में एक बड़ी बैठक हुई। बैठक में चुनावी रणनीति को लेकर विचार-मंथन किया गया। पार्टी प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के उत्साह से यह जीत और भी स्पष्ट नज़र आ रही है। इस चुनाव में जीत को और बड़ी बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस तरह से छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहाई है उसी तरह वैशाली नगर को उन्नति की राह पर प्रशस्त करना है। बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। वहीं कार्यकर्ताओं ने भी अपनी बात रखी। श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र को जानबूझकर विकास से महरूम किया जाता रहा है। लेकिन अब स्थितियां बदल गई है। भूपेश बघेल की अगुवाई में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद चहुंओर विकास करवाया गया। एक बार फिर कांग्रेस की सरकार आना तय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जो विकास का पर्याय है। हमने क्षेत्र की समस्याओं को सूचीबद्ध कर लिया है। नई सरकार के गठन के बाद उन पर प्रमुखता से काम होगा।

### गढ़... गढ़ क्या होता है

वैशालीनगर को भाजपा का गढ़ माना जाता है, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी सवाल उठाते हैं,- गढ़, गढ़ क्या होता है? वे कहते हैं,- गढ़ नाम की कोई चीज नहीं होती। आज वैशाली नगर को बड़े स्तर पर विकास की दरकार है। जब हमने उपचुनाव में जीत हासिल की थी, तब भाजपा की सरकार थी। लेकिन अब हालात अलग हैं। प्रदेश में एक बार फिर भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इसलिए यहां कांग्रेस की जीत जरूरी है। कांग्रेस जीतेगी तो विकास भी पटरी पर लौटेगा। श्री चंद्राकर ने कहा कि उन्हें वैशाली नगर से चुनाव मैदान में उतारा गया है और जीतने की जिम्मेदारी दी गई है। इसलिए वे इस बार वैशाली नगर को विकास का गढ़ बनाने के लिए मैदान में हैं। क्षेत्र में बहुत कुछ किया जाना है। हम जीते तो पूरे वैशाली नगर का नक्शा बदलकर रख देंगे। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि हम जनता के बीच विकास का ही एजेंडा लेकर जा रहे हैं। हमने यहां काफी काम करवाया है। आगे भी यहां विकास के स्तर को अलग ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। जनता के प्यार और आशीर्वाद से वैशाली नगर में कांग्रेस का झंडा फहराएंगे।

# आचार संहिता उल्लंघन के मामले में दुर्ग जिला सबसे आगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें भी मिल रही है। छत्तीसगढ़ में सी-विजिल ऐप के माध्यम से इन शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में आचार संहिता उल्लंघन के मामले में दुर्ग जिला सबसे आगे हैं। वहीं दंतेवाड़ा जिले से सबसे कम शिकायतें मिली है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सी विजिल के माध्यम से अब तक राज्य में प्राप्त कुल 1888 शिकायतों में से 1868 शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है और शेष शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। सी-विजिल के माध्यम से दुर्ग जिले में अधिकतम 407 शिकायतें मिली है। दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा जिले में न्यूनतम 4 शिकायतें मिली जिनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है।




### ऑनलाइन शिकायतों के लिए बना है सी-विजिल ऐप

उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें सी- विजिल के माध्यम से मिल रही हैं। सी-विजिल पर मिलने वाली शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रीना बाबासाहेब कंगाले स्वयं प्रतिदिन मिलने वाली शिकायतों पर हुई कार्रवाई की निगरानी कर रही हैं।

### ऐसे कर सकते हैं शिकायत

विधानसभा निर्वाचन ङ्क 2023 के दौरान राज्य में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी- विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है। पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्राइड व आईओएस दोनो पर उपलब्ध है।

### 100 मिनिट के भीतर हो रही है कार्रवाई

सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी। सीविजिल एप का उपयोग करते हुए नागरिक गैर कानूनी प्रचार-प्रसार क्रियाकलापों का पता लगते ही मिनटों के अंदर तथा रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाए बिना तुरंत रिपोर्ट कर सकते हैं। सीविजिल एक आसान ऐप है जो प्रयोक्ता अनुकूल तथा उपयोग करने में आसान है। यह एप्लिकेशन सतर्क नागरिक को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी तथा फ्लिड सत्यापन इकाई ( उड़न दस्ते / स्थैतिक निगरानी दलों) से जोड़ती है जिसके द्वारा एक तेज तथा सटीक रिपोर्टिंग, कार्रवाई एवं अनुवीक्षण तंत्र तैयार होता है।

## मराठा आरक्षण का मसला मोदी सरकार को भी देगा टेंशन? मीटिंग में उठी दखल की मांग, शिंदे मांग रहे वक्त

**मुंबई (एजेंसी)।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर उग्र आंदोलन पूरे महाराष्ट्र में चल रहा है, जिसका समाधान तलाशने के लिए बुधवार को मुंबई में सर्वदलीय मीटिंग हुई। इस मीटिंग में विपक्षी दलों के ज्यादातर नेताओं ने कहा कि आरक्षण के मामले में केंद्र की मोदी सरकार को दखल देना चाहिए। कई नेताओं ने सीएम एकनाथ शिंदे की ओर इशारा करते हुए पूछा कि क्या आपने इसमें केंद्र सरकार से मदद मांगी है। वहीं राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सर्राफने कहा कि मराठा आरक्षण पर विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाने से कोई समाधान नहीं निकलेगा। बीते दो दिनों से राज्य में मराठा आरक्षण के लिए चल रहा आंदोलन हिंसक हो गया है। बीड़ में तो कर्फ्यू तक लगाना पड़ गया था।

मीटिंग में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि राज्य सरकार अब तक मराठा आरक्षण की मांग को पूरा करने की दिशा में क्या कदम उठा चुकी है। इस दौरान निर्दलीय विधायक बच्चू काडू ने मांग की कि मराठा समुदाय के लोगों को तत्काल कुनबी जाति का सर्टिफिक्रेट दिया जाए, जिससे उन्हें ओबीसी आरक्षण मिल सके। इसके अलावा कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने मांग की कि केंद्र सरकार को इस मामले में दखल देना चाहिए ताकि मराठा आरक्षण को कानूनी मंजूरी के साथ लाया जा सके। विपक्षी नेता विजय वदेत्तिवार ने भी ऐसी ही मांग दोहराई।

## फोन टैपिंग पर मंत्री ने पूछा-ये सियासत है या लानत

श्रीकंचनपथ




अंग्रेजी में एक कहावत है 'ऐन ऐप्पल अ डे, कीप्स द डॉक्टर अवे!' जिसका अर्थ है, प्रतिदिन एक सेब का सेवन करने से डॉक्टर को दूर रखा जा सकता है। सीधी भाषा में प्रतिदिन एक सेब का सेवन करने से लोग निरोग रह सकते हैं। अब यही बात ऐप्पल के फोन पर भी लागू हो रही है। ऐप्पल के सिक्यूरिटी फीचर्स तमाम अन्य मोबाइल कंपनियों से बेहतर बताए जाते हैं। ताजा मामला चुनावकाल में नेताओं के फोन में सेंध लगाने की है। जितने भी नेता ऐप्पल का आईफोन इस्तेमाल करते हैं, उनमें से कई नेताओं को ऐप्पल ने सूचित कर दिया है कि उनके फोन को टैप करने की कोशिश की जा रही है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा, कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस के सांसद शशि थरूर, आप के सांसद राघव चड्ढा के नाम अब तक सामने आए हैं। उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने अपने आईफोन पर मिले इस नोटिफिकेशन को शेयर करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा - ये सियासत है या लानत। वे यहीं नहीं रुकते। वे भाजपा की फासीवादी सोच पर भी तल्ख टिप्पणियां करते हैं। दिल्ली में राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के खिलाफयह साजिश रची जा रही है। दरअसल, भारत में फोन टैप करना गैरकानूनी है। इसके लिए जिम्मेदार या दोषी व्यक्ति के खिलाफआपराधिक मामला चलाया जा सकता है। फोन टैपिंग करवाने का अधिकार राज्यों में पुलिस के पास है। पर इसकी एक लंबी प्रक्रिया भी है। केन्द्र के स्तर पर इंटेलिजेंस ब्यूरो, सीबीआई, ईडी, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, एनआईए, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, राजस्व खुफिया निदेशालय, अनुसंधान और विश्लेषण विंग, सिग्नल इंटेलिजेंस निदेशालय को है। पर यह सबकुछ ऑन रिकार्ड होता है। अब आते हैं बाबा के सवाल पर। क्या सियासत वाकई लानत है? इसका कोई सीधा-सीधा जवाब नही है। जो लोग राजनीति में रुतबे के लिए आते हैं, अपने खिलाफहो रही ऐसी घटनाओं से उनका कद बढ़ता है। वे सतर्क भी रहते हैं। उनका फोन उनका सचिव उठाता है। जिस फोन पर वो निजी बातें करते हैं उसका नंबर लगातार बदलता रहता है। ये फोन किसी कार्यकर्ता या किसी नौकर के नाम पर पंजीकृत होता है। जो लोग पैसा कमाने के लिए राजनीति में आते हैं, वो ऐसी घटनाओं के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। तकलीफ केवल उन्हें होती है जो अपना सुख चैन केवल इसलिए दांव पर लगाते हैं कि वे देश सेवा करना चाहते हैं। जिनके पास लोगों के दु:ख -दर्द को दूर करने की तरकीबें होती हैं और वे उन्हें राजनीति के माध्यम से अमल में लाना चाहते हैं। शासन की ऐसी हरकतों से वो तिलमिला जाते हैं। उनके लिए उनका आत्मसम्मान किसी भी पद से कहीं बड़ा होता है।




## संपादकीय

### प्रदूषण से पस्त

देश की राजधानी दिल्ली की दिन-ब-दिन बिगड़ती वायु-गुणवत्ता पर सुप्रीम कोर्ट की दखल न सिर्फ वाजिब है, बल्कि इस महानगर के बाशिंदों के लिए आश्वस्तकारी भी है कि अब इस दिशा में कोई त्वरित व माकूल कार्रवाई हो सकेगी। इन दिनों वायु प्रदूषण के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जीने वालों, खासकर सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों की जिंदगी दुश्वार हो गई है। गौर कीजिए, विशेषज्ञ शून्य से 50 अंकों तक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को अच्छा और 100 अंक तक संतोषजनक बताते हैं, मगर पिछले कई दिनों से दिल्ली और नोएडा में एक्यूआई 300 से भी अधिक दर्ज किया जा रहा है। आने वाले कुछ और दिनों तक ऐसी ही स्थिति की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में, राजधानी के वायु प्रदूषण से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही दिल्ली और इसके पड़ोसी राज्यों से पूछा है कि आखिर प्रदूषण कम करने के लिए उन्होंने कौन-कौन से कदम उठाए हैं? अदालत ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से एक हफ्ते में जवाब मांगा है। वायु प्रदूषण एक ऐसी समस्या है, जिससे कमोबेश सभी जीव प्रभावित हैं। इंसानों के बीच भी यह अमीरी-गरीबी या मजहब-जाति के आधार पर किसी के साथ कोई मुरव्वत नहीं बरतता, फिर भी सरकारी पहल से नागरिक जागरूकता तक इसे लेकर एक अजीब सी उदासीनता दिखती है। मगर इसकी मार हाशिये के लोगों पर अधिक पड़ती है, क्योंकि न तो वे 'एयर प्यूरीफायर' जैसे आधुनिक महंगे उपायों की मदद ले सकते हैं और न ही बीमार पड़ने की हालत में जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी आसान पहुंच है। ऐसे में, एक लोक-कल्याणकारी राज्य का यह प्राथमिक दायित्व बनता है कि वह हाशिये के लोगों का ख्याल करे। जाहिर है, सर्वोच्च न्यायालय इसी कसौटी पर इन राज्यों की पहल को परखेगा। मौजूदा वायु प्रदूषण के बारे में कहा जा रहा है कि हवा की धीमी रफ्तार और अधिक नमी की वजह से यह स्थिति बनी है। मगर इस मौसम में तो हर साल यह स्थिति पैदा होती है और इस तथ्य से प्रशासन व नागरिक, दोनों अब वाकिफ हैं, फिर भी यह समस्या लगातार बनी हुई है, तो यह सोचने की बात है। हमारे पास इस बात के ठोस साक्ष्य मौजूद हैं कि दुनिया के कई देशों ने शासकीय पहल और नागरिक सहयोग से न सिर्फअपने महानगरों की वायु गुणवत्ता को ठीक किया है, बल्कि कई देशों ने तो दूषित नदियों को निर्मल करने में सफलता हासिल की है। हम अब तक पराली जलाने व निर्माण-कार्यों पर खास अवधि में अपेक्षित रोक का तंत्र नहीं विकसित कर सके हैं। निस्संदेह, विकास परियोजनाएं जरूरी हैं, मगर जब पता है कि हमारे कई शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में गिने जा रहे हैं, तब भी क्या इस मोर्चे पर गंभीर पहल के लिए अदालती दखल की बाट जोहनी चाहिए? दिल्ली को पिछले साल देश में सबसे प्रदूषित शहर आंका गया था? इस लिहाज से अनुमान लगाइए कि यदि पटाखों पर रोक न लगी होती, तो दिवाली व उसके बाद के दिनों में दिल्ली की आबोहवा कैसी रहती? राज्य सरकारें निश्चित तौर सुप्रीम कोर्ट में अपने-अपने तर्कों व बहानों के साथ हलफनामे दायर करेंगी, मगर यह मुद्दा दोषारोपण या बचाव का नहीं सामूहिक प्रयास का है। पांच-छह राज्यों की कोशिशें एक घनी आबादी वाले महानगर को चैन की सांस दे सकती हैं, तो उन्हें यह कोशिश अवश्य करनी चाहिए।

> “ मौजूदा वायु प्रदूषण के बारे में कहा जा रहा है कि हवा की धीमी रफ्तार और अधिक नमी की वजह से यह स्थिति बनी है। मगर इस मौसम में तो हर साल यह स्थिति पैदा होती है और इस तथ्य से प्रशासन व नागरिक, दोनों अब वाकिफ हैं।

## भारत का संदेश क्या है?

यह खबर महत्त्वपूर्ण है कि भारत अपनी विदेश सेवा के पुनर्गठन की योजना बना रहा है। इसके तहत प्रवेश स्तर (एंट्री लेवल) के अधिकारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके पहले विदेश मामलों की संसदीय स्थायी कमेटी ने एक रिपोर्ट में कहा था कि भारत की राजनयिक सेवा अपेक्षाकृत छोटी अर्थव्यवस्था वाले देशों के मुकाबले भी कम स्टाफ वाली है। कमेटी ने सिफारिश की थी कि भारतीय विदेश सेवा में मौजूद बल की तुलना और चीन के राजनयिक मिशनों और अन्य प्रमुख विकासशील देशों की विदेश सेवाओं के साथ की जानी चाहिए। हाल में भारत सरकार ने भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की समीक्षा और पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बदलते वक्त के तकाजों को अगर ध्यान में रखें, तो इस निर्णय को स्वागतयोग्य माना जाएगा। मगर इससे यह सोच लेना शायद सही नहीं होगा कि यह कदम उठा लिए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय संबंधों और विश्व मंचों पर भारत की उपस्थिति अधिक प्रभावशाली हो जाएगी। आखिरकार आईएफएस अधिकारी महज संदेशवाहक होते हैं। संदेश देश का राजनीतिक नेतृत्व तैयार करता है।

इस समय सबसे ज्यादा भ्रम इसको लेकर पैदा हो गया है कि प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर भारत का रुख क्या है और वह दुनिया को क्या संदेश देना चाहता है? बीते पौने दो साल के अंदर दुनिया में दो बड़े संकट (यूक्रेन युद्ध और इजराइल-फिलस्तीन युद्) खड़े हुए। मगर इन दोनों मामलों में भारत का रुख संयुक्त राष्ट्र जैसे मंच पर मतदान में भाग ना लेना है। उधर दुनिया में तीखे होते ध्रुवीकरण के बीच हर नाव पर कदम रखने की नीति थोड़े समय के लिए लाभदायक हो सकती है, लेकिन उससे देश की छवि और हैसियत नहीं चमकेगी। सरकार को यह अवश्य याद रखना चाहिए कि उसके सामने असली चुनौती वह रुख और संदेश तय करने की है, जिससे वह भारत को नए उभरते वैश्विक ढांचे में नेतृत्वकारी भूमिका रखने वाले देशों में शामिल कर सके। वरना, विदेश सेवा का विस्तार महज ऐसे नौकरशाहों की संख्या बढ़ना भर बनकर रह जाएगा, जो पेचीदा मुद्दों पर वैश्विक बहस के बीच दिशाहीन नजर आएंगे। उसे याद रखना चाहिए कि नौकरशाहों का दिशा-निर्देशन करना उसका दायित्व है।

## आदिवासी, पिछड़ा और दलित का समीकरण

भारतीय जनता पार्टी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तरह जाति गणना कराने, सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने या आरक्षण बढ़ाने की बातें नहीं कर रही है लेकिन बहुत बारीक तरीके से वहीं राजनीति कर रही है, जो 'इंडिया' की पार्टियां कर रही हैं। झारखंड में भाजपा की राजनीति इसकी मिसाल है। वहां भाजपा ने एक एक करके सभी सवर्ण नेताओं को किनारे कर दिया है। हो सकता है कि आगे किसी सवर्ण नेता को कोई जिम्मेदारी मिले लेकिन अभी प्रदेश संगठन से लेकर केंद्रीय संगठन और केंद्र सरकार तक किसी सवर्ण नेता को कोई जगह नहीं है। केंद्र सरकार में झारखंड के दो मंत्री हैं, जिनमें कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा आदिवासी हैं और राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव समाज से यानी पिछड़ी जाति से हैं। भाजपा के केंद्रीय संगठन में भी आदिवासी नेता समीर उरांव को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। अगर प्रदेश संगठन की बात करें तो दीपक प्रकाश को हटा कर आदिवासी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मरांडी की जगह दलित समाज के नेता अमर बाउरी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाया गया है और जेएमएम से आए पिछड़ी जाति के जेपी पटेल को सचेतक बनाया गया है। इस तरह प्रदेश से लेकर केंद्रीय संगठन और केंद्र सरकार तक भाजपा ने जिन लोगों को महत्व दिया है वे सभी आदिवासी, दलित या पिछड़े समाज से आते हैं। भाजपा ने विपक्षी गठबंधन की तरह शोर नहीं मचाया है। चुपचाप अपने पत्ते बिछा दिए हैं। भाजपा मान रही है कि अगड़ी जाति के मतदाता उसको छोड़ कर कहीं नहीं जा सकते हैं। जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन का विकल्प उनके सामने है लेकिन पारम्परिक रूप से अगड़ी जाति के मतदाता भाजपा को वोट देते हैं। सो, उनके वोट की गारंटी मान कर भाजपा विपक्षी वोट में सेंध लगाने की रणनीति पर काम कर रही है। यह रणनीति कितनी कारगर होगी यह नहीं कहा जा सकता है।

> “ हमारी दुनिया अनेक समूहों, समाजों, संस्कृतियों व धार्मिक, भाषायी समूहों के बीच सकारात्मक सहभाव से बनी है, किंतु आज इन सामाजिक-सांस्कृतिक अंतरों और अस्मिता के विभिन्न रूपों के बीच नफरत उपजती जा रही है। यह नफरत कई तरह के सामाजिक-राजनीतिक टकरावों को जन्म दे रही है। आतंकवाद का मूल भाव तो नफरत पर ही टिका है।

# विकराल होने लगा नफरत का बाजार

बद्री नारायण, निदेशक, जीबी पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान



इजरायल आजकल फिलिस्तीनियों के खिलाफ दुश्मनी की आग भड़काते चला जा रहा है, तो दूसरी ओर, फिलिस्तीन में कई लोगों का गुस्सा इजरायल को दुनिया के नक्शे से मिटा देना चाहता है। यह दुनिया में बढ़ती नफरत की एक मिसाल भर है। यहूदियों के प्रति कुछ मुस्लिमों की घृणा देखिए या पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुस्लिम विरोधी शर्मनाक टिप्पणी, दुखद आश्चर्य होता है। कहां से आ रही है ऐसी नफरत?

कबीर कहते हैं- सब हाड़, चाम, रक्त, मांस से बने हैं, फिर अंतर कैसा? यही अंतर, बाद में परायेपन या अन्यता और विभाजन में बदल जाता है, यह अपने विकृत रूप में 'नफरत' एवं घृणा को पैदा करता है। प्रसिद्ध समाज चिंतक अंतोनियो ग्राम्शी ने भी परायेपन के बोध को विकृत परिणति के रूप में नफरत में बदलते लक्षित किया था। वैसे, नफरत कभी भी समाज का मूल भाव नहीं रहा है, यह एक प्रकार से अवलंबित भाव है। तात्पर्य यह कि मूल मानवीय भाव प्रेम है। अगर किसी से प्रेम नहीं है, तो उसके प्रति घृणा के भाव के लिए स्थान बनना शुरू हो जाता है। जब हमारा 'स्व' सीमित, स्वार्थी और कट्टर होता जाता है, तब 'गैर' के लिए नफरत पैदा करता है। इसलिए समाज में प्यार और नफरत एक अंतर्विरोधी सहकार के रूप में रहते हैं, क्योंकि जहां किसी के भी प्रति प्रेम की कमी होगी, उसकी छोटी-बड़ी कमियों से ही हममें नफरत का भाव उपजने लगता है।

हमारी दुनिया अनेक समूहों, समाजों, संस्कृतियों व धार्मिक, भाषायी समूहों के बीच सकारात्मक सहभाव से बनी है, किंतु आज इन सामाजिक-सांस्कृतिक अंतरों और अस्मिता के विभिन्न रूपों के बीच नफरत उपजती जा रही है। यह नफरत कई तरह के सामाजिक-राजनीतिक टकरावों को जन्म दे रही है। आतंकवाद का मूल भाव तो नफरत पर ही टिका है। साथ ही, 'हमास' और 'इजरायल' के बीच मर्मांतक संघर्ष का आधार भी आज दो अस्मिताओं के बीच उपज रहा नफरत का भाव ही है।

जैसा कि हम जानते हैं, यह दुनिया हजारों वर्षों में हुए या हो रहे विस्थापनों और मानवीय समूहों की एक से दूसरी जगह आवाजाही व बसावट से ही बनी है। ऐसे में, मूल निवासी और प्रवासी समूहों के बीच भिन्नता एवं अन्यता का बोध विकसित होता जाता है। यह कई अध्ययनों से साबित हो चुका है कि बाहर से आकर किसी भी मुल्क में बसने वाले समूह उस मुल्क के विकास में सकारात्मक योगदान ही करते हैं, फिर भी अवसरों और संसाधनों में हिस्सेदारी के दावों-प्रतिदावों के कारण यह अन्यता या परायापन एक-दूसरे के प्रति नफरत का भाव पैदा करता है। ऐसे में, एक-दूसरे का होना मात्र ही एक-दूसरे के प्रति असुरक्षा-बोध पैदा करता है। सामाजिक संबंधों में यही अंतर्निहित असुरक्षा-बोध पुनः इन सामाजिक समूहों के बीच नफरत का कारण बनता है। ऐसे में, एक समूह दूसरे को खत्म कर देना चाहता है।

दूसरे, दुनिया भर के समाजों में मौजूद अस्मिताएं, चाहे वे धार्मिक हों, भाषायी व नस्लीय(जातीय), आज अपना लचीलापन तजने लगी हैं और कट्टर होने लगी हैं। यही कट्टरता उन्हें एक-दूसरे के प्रति नकारात्मक एवं घृणास्पद गोलबंदी के लिए उत्प्रेरित करती है। इतिहास बताता है कि ऐसी ही नस्लीय नफरत और एक-दूसरे को मिटा देने के भाव ने दुनिया भर में अनेक युद्धों को जन्म दिया है।

वर्तमान में इतिहास का अत्यधिक हस्तक्षेप भी कई बार नफरत का कारण बनता है। इतिहास मलहम भी है और नश्तर भी। दुखद यह है कि आज इतिहास को मलहम की जगह नश्तर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसा इतिहास एक ऐसी सामाजिक स्मृति बनाता है, जो सतत विध्वंसकारी नफरत पैदा करती रहती है। नफरत के बहाव में जब कोई समाज बिखरा हुआ रहता है, तब हिंसा के स्रोत के रूप में घृणा भीतर ही भीतर सुलगती रहती है, किंतु जब वह एकत्रित व संगठित होकर राजनीतिक शक्तियों के हाथों में आ जाती है, तब भयंकर नतीजे देती है।

दुनिया में साम्राज्यवादी ताकतें कई बार इस नफरत को हथियार बनाकर अपनी आकांक्षाओं को पूरा करती हैं। साम्राज्यवादी मुल्कों की राजनीतिक शक्तियां दूसरों की जमीन और अस्मिता को हड़पने की चाहत में भयानक युद्ध और नरसंहार रचती रही हैं। आज नई युद्ध-तकनीक के आ जाने से नफरती कौमों और शक्तिशाली देशों की नरसंहारक शक्ति बढ़ गई है और उनका दायरा भी बढ़ता जा रहा है। नफरती हाथों में आकर आधुनिक विनाशकारी तकनीक का कैसा इस्तेमाल होता है, यह हमने हमास के हमले में भी देखा है और इजरायल तो खैर इसके लिए बदनाम है ही। आज कश्मीर सहित दुनिया के अनेक कोनों में आतंकियों में पल रही नफरत आधुनिक संहारक शक्ति के चलते भयानक विनाश कर रही है।

साल 1990 के बाद पूरी दुनिया में और भारत में भी जो नई उदारवादी आर्थिक व्यवस्था लागू हुई, उसने बाजार को सशक्त बनाया। उसके कई सकारात्मक परिणाम निकले, लेकिन इस रूपांतरण ने हमारे भीतर लोभ, लालच, हिंसा, सेक्स, उपभोग की असीम आकांक्षा, मारक प्रतियोगिता का बोध और सब कुछ कब्जा लेने का वह भाव दिया है, जिससे मानव समाजों में नफरत बढ़ती जा रही है। आज हमारे परिवारों तक में एक ऐसा घातक द्वेष पनपने लगा है, जिसमें परिजन ही एक-दूजे की जान लेने लगे हैं। बेटे अपनी मां को और प्रेमी अपनी प्रेमिका को भी मारने से नहीं चूक रहे हैं। हमारे रोज के अखबारों में ऐसी एक-दो कॉलम की अनेक खबरें आपको दिखाई पड़ने लगी हैं।

मौजूदा दुनिया को फिर से जरूरत है वसुधैव कुटुंबकम की, बुद्ध की करुणा, ईसा मसीह के प्रेम-भाव की, कन्फ्यूशियस और कबीर के मानव-बोध को याद करने की और इन यादों को एक ऐसे मानव संसाधन में बदल देने की, जो हमारे भीतर नफरत की जगह को धीरे-धीरे कम कर दे। हमारे समय की राजनीति, धर्म, सत्ता, प्रतिरोध की शक्तियों के सामने नफरत का यह बाजार एक चुनौती बनकर विकराल होता जा रहा है। जरूरत है आज महान भक्त-संत रविदास, कबीर, धन्ना और पीपा के सपनों की, ताकि हर तरह की नफरत से मुक्त प्रेम नगर गढ़ा जाए। आधुनिकता के सकारात्मक पक्षों का हम स्वागत करें, लेकिन उसकी पूरी प्रक्रिया में जहां भी विद्वेष-भाव और नफरत हो, उसका समाधान भी करना पड़ेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पराली का समाधान जानते सब हैं, पर करते नहीं

अनुमिता रॉय चौधरी, कार्यकारी निदेशक, सीएसई

पंजाब में पराली जलाने से जुड़ी नासा की सैटेलाइट तस्वीरें सामने आने के बाद इस मसले पर आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। इस राजनीति की एक बड़ी वजह यह है कि पराली का धुआं हवा के साथ उड़कर जब दिल्ली-एनसीआर पहुंचता है, तो यहां की भौगोलिक स्थिति इसे स्थानीय बाशिंदों के लिए जहरीला बना देता है। ऐसा नहीं है कि इस समस्या का समाधान हमें नहीं पता। हमारे नीति-नियंता उस दिशा में काम कर भी रहे हैं। मगर दिक्कत यह है कि जिस रफ्तार में यह काम होना चाहिए, वह नहीं हो रहा। नतीजतन, हर साल पंजाब व हरियाणा में जलने वाली पराली खुद वहां के किसानों के अलावा दिल्ली-एनसीआर के लोगों को भी बीमार बना रही है। हालांकि, आंकड़े बताते हैं कि साल-दर-साल पराली जलाने के मामले कम हो रहे हैं, फिर भी इतने जरूर हो रहे कि इसका धुआं दिल्ली तक पसर जाए।

इन घटनाओं से निपटने के लिए सरकारी स्तर पर कई तरह के काम किए जा रहे हैं। मसलन, ऐसी फसल कटाई मशीनों पर सब्सिडी दी जा रही है, जो पराली को मिट्टी के साथ ही मिला देती हैं। इससे मिट्टी की सेहत भी बनी रहती है, जिसका फायदा अगली फसल में होता है। पंजाब-हरियाणा जैसे राज्यों में इस तरह की काफी मशीनें पहुंची हैं, लेकिन किसानों को समय पर ये मिल सकें, यह सुनिश्चित करना बड़ी चुनौती है। हमें इसका हल पंचायत या समुदाय के स्तर पर भी खोजना होगा, ताकि किसान इनका अधिकाधिक लाभ उठा सकें।

एक अन्य प्रयास पराली के व्यावसायिक इस्तेमाल को लेकर हो रहा है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने विशेषकर एनसीआर में स्थित उद्योगों को कोयले जैसे ईंधनों का इस्तेमाल बंद करने और प्राकृतिक गैस व बायोमास का उपयोग अधिकाधिक बढ़ाने को कहा है। यह निर्देश बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण के मद्देनजर दिया गया है। सुखद है कि



कंपनियां इस दिशा में संजीदा दिख रही हैं और वे अपने यहां बायोमास का इस्तेमाल बढ़ाने लगी हैं। इसके लिए उनको पराली की भी दरकार होती है। विद्युत उत्पादन कंपनियों को भी यही कहा गया है कि वे अपनी कम से कम दस फीसदी ईंधन की पूर्ति बायोमास से करें। बायोसीएनजी बनाकर ऊर्जा उत्पादन करने की बात है। इन कारणों से पराली का व्यावसायिक इस्तेमाल बढ़ने लगा है। इसका दोतरफा लाभ है। एक तो हमारी आबोहवा अपेक्षाकृत दूषित नहीं होती, क्योंकि बायोमास आज के समय में ऊर्जा का सबसे स्वच्छ स्रोत माना जाता है। और फिर, किसानों की आमदनी बढ़ती है और समृद्धि उनके दरवाजे आती है। मगर मुश्किल यह है कि कई कंपनियां समय पर पराली नहीं मिलने की शिकायत कर रही हैं। इस मसले के समाधान के लिए पूरे तंत्र की सहभागिता आवश्यक है। दरअसल, भारत में खेती-बाड़ी का विस्तार काफी ज्यादा है। सुदूर इलाकों में खेत हैं। इस कारण कंपनियों तक पराली पहुंचाना एक बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसे में, पराली के भंडारण और उसकी ढुलाई में सरकारों को ही मदद करनी होगी। अगर किसानों के लिए भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की जाए और पराली-ढुलाई का कोई उचित रास्ता निकाला जाए, तो किसान उसे खेतों में जलाने के बजाय बेचना पसंद करेंगे। इसके लिए जरूरी बुनियादी ढांचे का निर्माण होना चाहिए, जिसमें निजी क्षेत्रों की भी भागीदारी होनी चाहिए। हमारे नेतागण चाहें, तो पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) के माध्यम से पराली को उद्योगों तक पहुंचाने की व्यवस्था कर सकते हैं।

पराली जैसी समस्याओं का तत्काल समाधान होना चाहिए। अभी तो सर्दियों की शुरुआत हुई है। जब दिल्ली-एनसीआर का तापमान और गिरेगा, तब पराली का यही धुआं यहां बिल्कुल ठहर जाएगा और पूरा आसमान धुंध की चादर में लिपट जाएगा। यह स्थिति विशेषकर बुजुर्ग और सांस से पीड़ित मरीजों के लिए काफी खतरनाक हो जाती है। इसलिए, महज राजनीतिक दोषारोपण करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री नहीं कर लेनी चाहिए। सर्दियों के मौसम में पराली जलने से लोग परेशान न हों, इसके लिए केंद्र व राज्य स्तर पर योजनाएं बनानी होंगी। इसमें पूंजी-निवेश की विशेष जरूरत होगी, जिसके लिए निजी क्षेत्रों को आगे आना चाहिए। समग्रता में काम हो, तो पराली की समस्या का सार्थक नतीजा निकल सकता है।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# दिल्ली से दोहा- भारत की परीक्षा!

अजीत द्विवेदी

कतर में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को फांसी की सजा हुई है। कतर की निचली अदालत ने क्या आरोप तय किए हैं और किस आरोप में फांसी की सजा सुनाई है उसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन पर आरोप है कि वे कतर में रह कर इजराइल के लिए जासूसी कर रहे थे। पहले पिछले साल अगस्त में उनको गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद उनसे बहुत सख्त पूछताछ हुई। खबरों के मुताबिक पूछताछ के दौरान ज्यादती भी हुई। गिरफ्तारी के एक महीने बाद उनके परिजनों से उनका संपर्क हुआ और अक्टूबर में जाकर उनको कौंसुलर एक्सेस मिली। तभी कतर में भारत के राजदूत ने गिरफ्तार नौसेना अधिकारियों से मुलाकात की थी। उनकी फांसी की सजा पर भारत सरकार ने जो प्रतिक्रिया दी उससे लगता है कि फैसला अचानक आया और भारत को अंदाजा नहीं था कि फांसी की सजा हो सकती है। विदेश मंत्रालय ने पहली प्रतिक्रिया में कहा कि वह हैरान और स्तब्ध है। इसका मतलब है कि भारत को यह अंदाजा तो था कि सजा होगी लेकिन फांसी की सजा होगी यह अंदाजा नहीं था।

अगर कतर की न्यायिक व्यवस्था को देखें तो इसके बाद अपील की अदालत का रास्ता है और उसकी सर्वोच्च अदालत व फिर कतर के अमीर के पास अपील का रास्ता भी है। लेकिन आमतौर पर निचली अदालत से हुई सजा को बरकरार रखा जाता है और उस पर तत्काल अमल हो जाता है। जैसे 2017 में नेपाल के नागरिक अनिल चौधरी के साथ हुआ था। नेपाल के दूतावास को सूचना देने के एक दिन बाद ही चौधरी की फांसी की सजा पर अमल हो गया था। इसका मतलब है कि पहले चरण में ही भारत को सारी ताकत लगानी चाहिए थी। बहरहाल, अब भी भारत के पास रास्ता है कि किसी तरह से मामला अपील की अदालत में जाए और वहां भारतीय नागरिकों को बचाने का प्रयास हो। साथ ही बैक चैनल कूटनीति के जरिए भी उनकी रिहाई का प्रयास होना चाहिए।





लेकिन उससे पहले सवाल है कि भारत ने पिछले 14 महीने में क्या कूटनीतिक प्रयास किए और अपनी बढ़ती ताकत, जिसका आए दिन भारत में प्रचार किया जाता है, उसका क्या इस्तेमाल किया? अगर भारत विश्वगुरू और विश्वमित्र है और दुनिया में पहले के मुकाबले उसकी बात ज्यादा सुनी जा रही है और बकौल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दुनिया में कोई भी बड़ा फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछे बगैर नहीं हो रहा है तो फिर आठ भारतीय नागरिकों को फांसी की सजा का फैसला कैसे हो गया? कतर ने क्यों भारत का लिहाज नहीं किया? क्या आठ भारतीयों का गुनाह इतना बड़ा है कि कतर ने भारत की परवाह करने की जरूरत नहीं समझी? ध्यान रहे कतर में आठ लाख भारतीय हैं, जो वहां की अर्थव्यवस्था और रोजमर्रा के जीवन में बड़ा योगदान कर रहे हैं। भारत के साथ उसका मजबूत कारोबारी संबंध है। भारत अपनी जरूरत का 40 फीसदी प्राकृतिक गैस कतर से लेता है और कतर को निर्माण सामग्री और खाने-पीने की ताजा वस्तुओं की आपूर्ति के मामले में भारत तीसरा सबसे बड़ा देश है। 2017 में खाड़ी देशों की पाबंदी के बावजूद भारत और कतर के कारोबारी संबंध कायम रहे थे। इसके बावजूद कतर ने भारतीय नागरिकों के लिए सबसे बड़ी सजा का ऐलान किया। कतर इस किस्म के उकसाने वाले काम करता रहता है। भारत का भगोड़ा जाकिर नाईक भी कतर में हुए फीफा वर्ल्ड कप के दौरान दिखाई दिया था। कतर वैसे भी मुस्लिम ब्रदरहुड का समर्थन करने वाला देश है। इसलिए इस पूरे घटनाक्रम में कानूनी कार्रवाई से इतर कोई अन्य पहलू होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

कतर में गिरफ्तार और फांसी की सजा पाए भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों में कई बड़े सम्मानित पदों पर रहे हैं और भारतीय जलपोतों पर बड़ी भूमिका निभा चुके हैं। उनके ऊपर जासूसी का आरोप लगाना न सिर्फ उनका, बल्कि भारत की नौसेना की महान परंपरा और भारत के लिए भी अपमानजनक है। उनकी गिरफ्तारी के समय से ऐसी खबरें आती रही हैं कि यह एक साजिश है, जिसमें पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी ने बड़ी भूमिका निभाई है। यह भी कहा जा रहा है कि पिछले 14 महीने में अपने नागरिकों को छुड़ाने के लिए जितना प्रयास भारत ने किया उससे ज्यादा प्रयास पाकिस्तान ने इस बात का किया कैसे भारतीय नागरिकों को बड़ी से बड़ी सजा हो जाए। इस पूरे प्रकरण से एक वैश्विक ताकत होने का जो भ्रम भारत की ओर से रचा जा रहा था वह खुल गया है। अब चाहे कितना भी प्रचार हो वह भ्रम फिर से बहाल नहीं हो सकता है। इसके बावजूद भारत सरकार को अपने नागरिकों को फांसी की सजा से बचाने का प्रयास करना चाहिए।

इसके लिए कुछ लोग दिसंबर का इंतजार करने को कह रहे हैं क्योंकि 18 दिसंबर को कतर के अमीर का जन्मदिन है और अपने जन्मदिन पर वे दोषियों की सजा माफ करते हैं और उनकी रिहाई का आदेश देते हैं। लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह और भी अपमानजनक होगा। हालांकि भारत में पिछले कुछ समय से हर किस्म के अपमान को सम्मान बताने का सिलसिला एक नियम के तौर पर स्थापित हो गया है। फिर भी नौसैनिकों के मामले में ऐसा न हो तो बेहतर होगा। भारत को अमीर के जन्मदिन पर अपने सम्मानित नौसैनिकों की रिहाई का इंतजार नहीं करना चाहिए। भारत को अपनी सामरिक, आर्थिक व वैश्विक कूटनीतिक शक्ति का इस्तेमाल करके अपने नागरिकों को छुड़ाने का प्रयास करना चाहिए। दुनिया ने देखा कि किस तरह से इजराइल पर हमला करने वाले हमास की कैद से अमेरिकी बंधक छुड़ाए गए हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में

JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






## खास खबर

### स्कूटनी में 12 नामांकन निरस्त

**दुर्ग।** जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान कुल 115 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किए। जिसमें कुल 12 नामांकन निरस्त हुए। पाटन विधानसभा क्षेत्र से अजय चंद्राकर जो आप पार्टी से हैं 2 आवेदन होने से निरस्त किया गया। पाटन में कुल 19 नामांकन दाखिल हुए। भिलाई नगर में कुल 14 नामांकन दाखिल हुए जिसमें एक हरिचंद का नामांकन खारिज हुआ। दुर्ग शहर से कुल 29 नामांकन दाखिल हुए जिसमें सुरेन्द्र कुमार वर्मा का हस्ताक्षर व शपथ न होने तथा जसमीत सिंह के प्रस्तावक न होने से नामांकन निरस्त हुआ। दुर्ग ग्रामीण से कुल 16 नामांकन दाखिल हुए। जिसमें 1 लक्ष्मी वर्मा जो कि आम आदमी पार्टी से है निरस्त हुआ। वैशाली नगर से कुल 21 नामांकन दाखिल हुए जिसमें करीम अली खान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा गणेश कुमार हिमांशु भारतीय जनता पार्टी कुल 2 नामांकन निरस्त हुआ। अहिवारा से कुल 16 नामांकन दाखिल हुए जिसमें 5 नामांकन खारिज हुए। जिसमें रिशि टंडन जनता कांग्रेय, ओनी कुमार महिलांग भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, राजन कुठैल कांग्रेस, संतोष कुमार बंजारे बसपा था अमर दास नारंगे शिवसेना पार्टी के नाम शामिल है।

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अक्टूबर, 2023 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र में अक्टूबर, 2023 माह में कुल 80 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए, जिसमें कुल 9 कार्यपालक, 66 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में 5 खदान बिरादरी के सदस्य शामिल हैं। संयंत्र के कार्मिकों हेतु गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन 31 अक्टूबर 2023 को भिलाई निवास के बहुउद्देषीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव तथा विषेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अक्टूबर, 2023 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान किया।

### जिले में आज से शुरू होगी धान खरीदी, धान उपार्जन केन्द्रों में सभी तैयारियां पूर्ण

**गरियाबंद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो जाएगी। जिले के 67 समितियां के अंतर्गत 90 उपार्जन केंद्रों में साफ सफाई के अलावा धान खरीदी के लिए बारदाने और अन्य जरूरी चीजों की व्यवस्था कर ली गई है। धान खरीदी करने हेतु विभाग ने अपनी तैयारी पूर्ण कर ली है। जिला विपणन संघ गरियाबंद, जिला सहकारी बैंक गरियाबंद, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएंगरियाबंद एवं खाद्य विभाग गरियाबंद ने अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। धान खरीदी की शुरुआत के पहले दिन के लिए 787 टोकन जारी किए गए हैं। इसके माध्यम से जिले के किसानों से 24612 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। किसानों को धान उपार्जन केंद्रों के अलावा मोबाइल के माध्यम से भी टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप से टोकन प्राप्त करने की सुविधा दी गई है।

# मतदान बूथ का मेहंदी रचाकर महिलाओं ने कहा 17 नवंबर जरूर करे मतदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। हाथों में मेहंदी लगाकर महिलाओं और युवतियों ने 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील किए। शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर भिलाई निगम के द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को श्रीराम चौक खुर्सीपार स्थित सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं ने निर्वाचन विषयों पर हाथों में मेहंदी उकेरी।



दोपहर 1 बजे से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवती शामिल हुई जिन्होंने मतदान हमारा अधिकार है, देश के विकास में मतदान जरूरी है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारे मेहंदी से उकेरे तो किसी ने मतदान बूथ, वोटिंग मशीन, चुनाव का सिंबाल, वोट फॉर फ्यूचर की आकृति मेहंदी रचाकर हर एक वोट के महत्व को बताते हुए 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील किए।

भिलाई निगम आयुक्त एवं भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर रोहित व्यास के निर्देश पर नवरात्र अर्थात 15अक्टूबर से ही जागरूकता अभियान की शुरूआत करते हुए लगातार 9 दिन तक अलग अलग वर्गों को नवरात्र के 9 संकल्प के तहत मतदान करने शपथ दिलाई गई। दूसरें चरण में समाज के सभी वर्गों को ध्यान रखते हुए कहीं बाईक रैली, कहीं दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मनोरंजक तरीके मतदाओं को जागरूक करने गीत-संगीत, मशाल यात्रा, रंगोली, दीपोत्सव जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### बनाएंगे मानव श्रृंखला

1 नवंबर को सेन्ट्रल एवेन्यू में सायकल रैली, 2 नवंबर को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा भिलाई के विभिन्न मोहल्लों में मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। 3 नवंबर को सेन्ट्रल एवेन्यू मार्ग पर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी तथा मतदाताओं को जागरूक करने दौड़ का आयोजन होगा। 4 नवंबर को बाईक रैली, 5 नवंबर को विधानसभा अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों में श्रमदान, 6 नवंबर को सिविक सेंटर में निर्वाचन के थीम पर कल्चरल इवनिंग आयोजित होगा। 7 नवंबर की शाम को मशाल यात्रा निकाली जाएगी। 8 नवंबर को महिलाओं एवं युवतियों के द्वारा मतदान विषय को लेकर रंगोली बनाई जाएगी तथा 9 नवंबर की शाम को दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनावः अध्यक्ष पद पर उमाकांत सिंह ने दर्ज की जीत, अब्दुल वहाब खान को 206 मतों से हराया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर उमाकांत सिंह चंदेल ने जीत दर्ज की है। उन्होंने इससे पहले अध्यक्ष रहे अब्दुल वहाब खान को 206 वोटों से अधिक से हराया। सचिव पद के लिए सबसे अधिक संघर्ष हुआ। अंतिम पेटी के खुलने तक एक वोट का अंतर होने के कारण चुनाव अधिकारी ने काउंटिंग रोक दी। दरअसल, पवन श्रीवास्तव ने वरुनेंद्र मिश्र पर एक वोट से लीड की तो वरुनेंद्र मिश्र ने रिकाउंटिंग की अपील कर दी।



देर रात तक परिणाम जारी नहीं हो सका था। इसी तरह वाइस प्रेसिडेंट मेल पद पर शैलेन्द्र वाजपेयी, वाइस प्रेसिडेंट फिमेल पद पर एम. आशा, ज्वाइंट सेक्रेटरी पद पर विवेक सिघंल, लाइब्रेरी सेक्रेटरी पद पर समीर सिंह, ट्रेजरार के पद पर आशीष गुप्ता, खेल और सांस्कृतिक सचिव पद पर प्रगल्भ शर्मा ने जीत दर्ज की है। इसी तरह कार्यकारिणी के सात पदों पर प्रज्ञा पांडे, नुपूर त्रिवेदी, रिषभचंद सिंहदेव, शुभम वर्मा, विवेक शर्मा, विकास श्रीवास्तव और इश्वर जायसवाल विजयी हुए हैं।

बात दें कि कि बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए 30 अक्टूबर सोमवार को मतदान हुआ था। इसमें कुल 1500 वोटरों में से 953 सदस्यों ने ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अध्यक्ष समेत सभी पदों पर बहुकोणीय मुकाबला रहा। अध्यक्ष के लिए छह और सचिव के महत्वपूर्ण पद पर पांच उम्मीदवार सामने थे।

इसके बाद मंगलवार की सुबह 10 बजे से काउंटिग शुरू हुई। पिछले कार्यकाल में अध्यक्ष रहे अब्दुल वहाब खान के इस बार फिर से जीतने की संभावना अधिक थी। जैसे ही लेकिन काउंटिंग शुरू हुई उमाकांत ने बढ़त बना ली जो अंत तक कायम रही। उमाकांत को 464 और वहाब खान को 258 वोट मिले। अध्यक्ष पद के अन्य उम्मीदवारों चन्द्रकुमार केशरवानी को 67, केके सिंह को 48, लोकेश गर्ग को आठ, पुष्पेन्द्र पटेल को 90 वोट मिले।

### विधानसभा निर्वाचन-2023 में नामांकन पत्र के संवीक्षा

**रायपुर।** रायपुर जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों के नामांकन पत्रों के संवीक्षा उपरान्त नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की संख्या 156 है। इनमे धरसींवा विधानसभा क्रमांक-47 के 19, रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्रमांक-48 के 25, रायपुर पश्चिम विधानसभा-49 के लिए 31, रायपुर उत्तर विधानसभा क्रमांक-50 के लिए 17, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्रमांक-51 के लिए 36, आरंग विधानसभा क्रमांक-52 के लिए 15 और अभनपुर विधानसभा क्रमांक-53 के 13 अभ्यर्थी शामिल हैं।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत 'वॉकथॉन' का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के तहत 31 अक्टूबर 2023 को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा इस्पात भवन से इक्विपमेंट चैक तक प्रात: 7:00 बजे से 'वॉकथॉन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शपथ दिला कर, संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता ने 'वॉकथॉन' को रवाना किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें पर सामान्य जागरूकता फैलाने के लिए 'वॉकथॉन' का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेषक (सामग्री प्रबंधन) ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेषक (रावघाट) समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), पवन कुमार, कार्यपालक निदेषक (माइंस) बी के गिरी सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्य व कमांडेंट, क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नगर सेवाएं विभाग के सदस्य तथा इस्पात नगरी के खिलाड़ी तथा कार्मिकगण उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त सतर्कता विभाग के महाप्रबंधक सत्यब्रत कर, संदीप गुप्ता, अंकित ओझा तथा अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौषलेन्द्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव कुमार पॉल ने भी वॉकथॉन में भाग लिया।

## पटेल, नरेंद्र देव और इंदिरा के व्यक्तित्व से प्रेरणा लें युवा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान और आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति की ओर से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयंती आचार्य नरेंद्र देव की 134 वीं जयंती तथा आयरन लेडी भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का 39 वां शहादत दिवस मंगलवार की सुबह मनाया गया।




एचएससीएल कॉलोनी रूआबांधा सेक्टर स्थित प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में सबसे पहले तीनों विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने कहा कि देश की आजादी में सरदार पटेल, आचार्य नरेंद्र देव एवं इंदिरा गांधी का महत्वपूर्ण योगदान है। आजादी के बाद पटेल ने जहां रियासतों का एकीकरण किया वहीं आचार्य नरेंद्र देव ने शिक्षा के माध्यम से समाज को सही दिशा प्रदान की और इंदिरा गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में बांग्लादेश के रूप में नया देश स्थापित करने में अभूतपूर्व योगदान दिया।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सहकारिता विशेषज्ञ मोहनलाल गुप्ता ने कहा कि इंदिरा गांधी परिवार में तो तीन-तीन शहादत हुई उनका अमिट इतिहास रहा है। इंदिरा जी ने स्वयं बांग्लादेश के रूप में एक नया भूगोल गढ़ दिया।

वरिष्ठ अधिवक्ता जमील अहमद ने कहा कि इन दिनों राजनीति में पवित्रता नहीं रह गई है। पटेल, आचार्य नरेंद्र देव एवं इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर परिवार समाज और देश के युवाओं की दिशा बदल सकते हैं। संचालन कर रहे संस्थापक अध्यक्ष आर पी शर्मा ने कहा कि पटेल की रियासत बंदी, शिक्षा शास्त्री आचार्य नरेंद्र देव का समाजवाद एवं श्रीमती इंदिरा गांधी की राजनीतिक शुचिता से युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इन दिनों समाज में व्याप्त धार्मिक उन्माद और भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने की भूमिका हमें तैयार करनी होगी।

## आब्जर्वर ने विधानसभा निर्वाचन से जुड़े नोडल अधिकारियों से चुनाव की तैयारियों के संबंध में ली समीक्षा बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज


**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दुर्ग जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकगण की उपस्थिति में समस्त नोडल अधिकारियों से विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आब्जर्वर ने सभी नोडल अधिकारियों से चुनाव की तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। इस पर चुनाव कार्य में जुड़े नोडल अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन संबंधी तैयारियों से अवगत कराया।

आब्जर्वर ने मतदान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं पंजी संधारण के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, प्रेक्षक कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था कक्ष, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं वेबकास्टिंग की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने दीवार लेखन तथा मतदान केन्द्रों की पहचान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों तक सुव्यस्थित आवागमन कराने को कहा।

एसपी रामगोपाल गर्ग ने चुनावी गतिविधियों पर सतत निगरानी के लिए जिले में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों और फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने ईवीएम एवं वीवीपैट के बारे में पूरी जानकारी दी। इसकी प्रशासनिक प्रक्रिया एवं प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपैट के मूवमेंट के दौरान जिले के मतदान दलों एवं सेक्टर अधिकारियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाहनों की जानकारी एवं सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम के की जानकारी दी।

आब्जर्वर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता हेतु चलाए जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन ने बताया कि मतदाता जागरूकता हेतु कैम्पस एम्बेसेडर एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारियो की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि दुर्ग दूत स्वयंसेवकों द्वारा जिले में जागरूकता कार्य किया जा रहा है। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दुर्ग जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकगण नितिन सिंग भादूरिया, आर ललवेना, दीपक कुमार मीना, डॉ.राज कृष्ण पृथी, सुवेन्दू कंनयूंगो, सुकुमार सरकार, तारीक महबूद, डॉ. बी नवीन कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न नोडल अधिकारी उपस्थित थे।






# अखण्ड भारत के निर्माण में सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीयः राज्यपाल हरिचंदन

## राज्यपाल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें नमन किया

### अखण्ड भारत के निर्माण में सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय

### राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** लौह पुरूष, राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार, भारत रत्न, सरदार वल्लभ भाई पटेल स्वतंत्र भारत के महान दूरदर्शी राजनेता और मजबूत, अडिग तथा दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे। अखंड भारत के निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। राज्यपाल हरिचंदन ने सरदार पटेल की जयंती पर नमन करते हुए उक्त बाते कही।

सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की और राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई।

राज्यपाल हरिचंदन ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सरदार पटेल भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे। उन्होंने देश के छोटे-बड़े 550 से अधिक रियासतों के एकीकरण के चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक करते हुए भारत को सुदृढ़ बनाने का काम किया। सरदार पटेल के जन्म दिवस पर नई दिल्ली में शहीदों की याद में आयोजित ''मेरा माटी मेरा देश'' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का समापन हो रहा है। देश के हर राज्य, हर कस्बे, हर गांव से लायी गयी मिट्टी राजधानी के कर्त्तव्य पथ पर अमृत वाटिका में डाली जायेगी। श्री हरिचंदन ने कहा कि उनकी जयंती पर हमे उनके व्यक्तित्व और विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए और उनके अनुशासित जीवन से सीख लेना चाहिए।


इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, उपसचिव दीपक अग्रवाल सहित राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## आंबेडकर अस्पताल के डाक्टरों ने की दुर्लभ सर्जरी, दिल से निकाला 140 ग्राम का ट्यूमर

**रायपुर (ए)।** राजधानी के आंबेडकर अस्पताल में स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआइ) के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू ने 50 वर्षीय मरीज के दिल में स्थित चार कक्ष में से बाएं निलय में स्थित दिल के दुर्लभ कैंसर ट्यूमर का सफल आपरेशन कर जान बचाई है।

एक लाख में से एक को होने वाले दुर्लभ करीब 140 ग्राम के ट्यूमर को निकालने के लिए मरीज के हार्ट को पूरी तरह बंदकर बाइपास मशीन की सहायता से सर्जरी की गई। सात दिनों बाद मरीज डिस्चार्ज होकर घर चला गया है। एसीआइ पहुंचने से पहले मरीज को एक साल से सांस लेने में तकलीफ हो रही थी और वह खांसी का इलाज करा रहा था। गुंडरदेही निवासी व्यक्ति विगत एक वर्ष से सांस फूलने और खांसी से पीड़ित था। दो माह से सांस फूलने की तकलीफ ज्यादा बढ़ गई थी, जिसके कारण निजी अस्पताल के आइसीयू में भर्ती करना पड़ा था।

## खास खबर...



### राज्य स्थापना दिवस पर भाजपा करेगी अटल संकल्प सभा का आयोजन

**रायपुर (ए)।** भाजपा के दिवंगत नेता अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में भाजपा ने भारत में 3 नए राज्य की स्थापना 1 नवंबर सन 2000 को की थी। इसमें मध्यप्रदेश से पृथक होकर नया छत्तीसगढ़ राज्य बना, उत्तर प्रदेश से पृथक होकर उत्तराखंड और बिहार से पृथक होकर झारखंड की स्थापना की गई थी। भाजपा का उद्देश्य इन सभी बड़े राज्यों को पृथक कर राज्य के पिछड़े इलाको को विकास और समृद्धि की मुख्य धारा में जोड़ना था। छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्न दृष्टा स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने राज्य स्थापना पूर्व छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था की आप हमारी पार्टी को लोकसभा हेतु समर्थन और विजय प्रत्याशी दें और हम आपकी बेहतरी के लिए पृथक राज्य का निर्माण करेंगे और उन्होंने अपना वादा 1 नवंबर सन 2000 में पूरा किया। मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर भाजपा राज्य की सभी 90 विधानसभा में 'अटल संकल्प सभा' का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। रायपुर शहर जिला की चारो विधानसभाओं में कल अटल संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमे वर्तमान भाजपा प्रत्याशियों की विशेष उपस्थिति रहेगी। जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने बताया कि वह हमारी पार्टी और उसके कद्दावर दिवंगत नेता भाजपा के पितृ पुरुष अटल जी की दूरदृष्टि का ही प्रतिफल है जो छत्तीसगढ़ सहित 3 राज्य बड़े राज्यों से पृथक किए गए ताकि उन सभी पिछड़े और सीमांत क्षेत्रों विकास पूर्णतः पोषित हो सके। आज छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य, शिक्षा, सुगम सड़क मार्ग जैसी सभी व्यवस्थाओं का सुगमता से स्थापित होना स्व. अटल की दूरदृष्टि और दृण संकल्प का ही परिणाम है।




### कांग्रेस सरकार सेवा भावना के साथ काम करते हुए सभी के भरोसे को कायम रखाः विकास उपाध्याय

**रायपुर (ए)।** रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय जन वंदन यात्रा के माध्यम सुबह से लेकर देर रात तक जनसंपर्क अभियान के तहत आज संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के सभी बीएसयूपी कॉलोनी, टाटीबंध भाटापारा सतनामी पारा,साहू पारा रामकुंड, ईदगाह भाटा, स्वीपर कॉलोनी, मंगल बाजार में आज जन जन से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और रायपुर कोर्ट परिसर में पहुंचकर वकीलों से मुलाकात कर सहयोग और समर्थन मांगा। इस जन वंदन यात्रा के अवसर में जगह-जगह पर माता बहनों के द्वारा पुष्पगुच्छ आरती एवं विजय तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर में विधायक विकास उपाध्याय ने कहा रायपुर पश्चिम विधानसभा के समस्त क्षेत्र वासियों ने जिस प्रकार से स्वमेव आकर स्वागत और सम्मान कर रही है यह सरकार की उन योजनाओं और कार्यों से प्रभावित होकर आज बुजुर्ग माता बहन युवा विद्यार्थी सभी लाभान्वित लोग जगह-जगह पर जिस प्रकार से भव्यता के साथ स्वागत कर रहे हैं इससे यह साबित होता है कि कांग्रेस पार्टी में लोगों का भरोसा बरकरार है और भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार विगत 15 वर्षों में जनता की खून पसीने की कमाई को लूटा है और उन्हें सिर्फ और सिर्फ क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को सिर्फ जुमला दिया है जिससे आज समस्त क्षेत्रवासी और प्रदेशवासी कांग्रेस पार्टी को अपना जन समर्थन कर रहे हैं और जो कांग्रेस पार्टी के प्रति आम जनों में भावना बन रही है निश्चित ही कांग्रेस पार्टी हम सभी को विजय प्राप्त होगी।

यात्रियों के बेहतर यात्रा अनुभव हेतु रेलवे ट्रैक का आधुनिक एवं उन्नत मशीनों से किया जा रहा है रख रखाव

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 70 से अधिक ट्रैक मशीन रेल लाइन बिछाने व मरम्मत के लिए हैं तैनात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** भारतीय रेलवे 66 हजार से भी अधिक मार्ग किलोमीटर के साथ एकल प्रबंधन के तहत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा रेलतंत्र है । भारतीय रेल में प्रतिदिन आस्ट्रेलिया की पूरी जनसंख्या के बराबर लोग यात्रा करते है तथा यह प्रतिदिन धरती से चाँद के बीच की कुल दूरी का ढाई गुना तय करती है। यात्री परिवहन तथा देश की ऊर्जा एवं अन्य आवश्यकता को पूरा करने के लिए ट्रेन परिचालन में दिनों दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्री परिवहन और माल ढुलाई दोनों को बेहतर गति देने के लिए सभी तरह के प्रयास और रखरखाव के साधनों को अपनाया है। ट्रेनों की गति एवं लोडिंग क्षमता में नए आयाम कायम करने के लिए ट्रैक को सुदृढ़ बनाया गया है।

रेल यात्रियों के संरक्षित सफर को सुनिश्चित करने में रेल लाइनों के मेंटेनेंस कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। नए जरूरतों को देखते हुए रेलवे द्वारा अत्यधिक आधुनिक मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। इन अत्याधुनिक मशीन के द्वारा रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित अनेक प्रकार के कार्य सुगमता से सरलता से किए जाते हैं। मशीन के द्वारा कार्य में लागत अत्यधिक कम आती है, और साथ-साथ में रेल ट्रैक की भारी संरचना के कार्य को भी सरल एवं सुरक्षित तरीके से कर देती है जिससे ट्रैक कर्मियों की सुरक्षा भी बनी रहती है।

### रेलवे लाइन बिछाने व मरम्मत में मशीनों का बड़ा योगदान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीसरी लाइन, चौथी लाइन एवं नई लाइन के निर्माण कार्य तथा कार्यरत लाइन के अनुरक्षण एवं मरम्मत के लिए मशीनों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। इसके के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल में मैनपावर के साथ, उच्च तकनीक के मशीनों का भी इस्तेमाल करके आधुनिक ट्रैक मेंटेनेंस किया जा रहा है। नागपुर से बिलासपुर की मेन लाइन की गति 130 किलोमीटर प्रति घंटे की जा चुकी है। बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन की गति मे वृद्धि का परीक्षण भी किया जा चुका है। आने वाले समय में इस सेक्शन की गति मे भी वृद्धि हो जाएगी। ऐसे में इस मशीनों की आवश्यकता तथा महत्ता और बढ़ गई है।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 74 ट्रैक मशीनों के साथ कर रहा काम

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने 74 ट्रैक मशीनों के साथ ट्रैक रखरखाव एवं अनुरक्षण के कार्य में मुस्तैदी के साथ कार्यरत है। ट्रैक मशीनों मे मुख्यतः सीएसएम, ड्योमैटिक, एमपीटी, यूनिमेट, बीसीएम, एफआरएम, बीआरएम, पीक्यूआरएस, टी28, आदि शामिल हैं। इनमें सीएसएम, डब्ल्यूएसटी एवं एमपीटी चार प्रकार की टैपिंग मशीनों के द्वारा में ट्रैक का अनुरक्षण कार्य किया जाता है। बलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीएसएम) से ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग कार्य किया गया है। टी-28 टर्नऑउट रिन्यूवल मशीन है, जिससे ट्रैक मशीन का टर्नऑउट रिन्यूवल का कार्य किया जाता है। यूनिमेट मशीन भी एक प्रकार की टर्नऑउट टैम्पिंग मशीन है। इस मशीन से ट्रैक की टर्नऑउट टैम्पिंग का कार्य किया जाता है। एफआरएम मशीन से शोल्डर बलास्ट क्लीनिंग किया जाता है। यानि की ट्रैक के दोनों किनारों पर रखा हुआ बैलास्ट को क्लीन किया जाता है।

## राज्य सूचना आयोग में ली गई राष्ट्रीय एकता की शपथ


श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ ली गई। राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने आयोग कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त धनवेंद्र जायसवाल और राज्य सूचना आयोग के सचिव जीआर चुरेन्द्र सहित आयोग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी व शपथ ग्रहण समारोह

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 8.00 बजे सेकरसा स्टेडियम से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय तक आयोजित की गई थी जिसमे रायपुर मंडल के अधिकारीगण, खिलाड़ी, आरपीएफ सहित कर्मचारीयों ने हिस्सा लिया ।

रायपुर रेल मंडल द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पीपी यार्ड कार्यालय में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे आलोक कुमार की उपस्थिति में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई, जिसमें सभी को एकजुट रहने एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए दृढ़ संकल्पित किया गया इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आर के साहू ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई, जिसमें सभी को एकजुट रहने एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए दृढ़ संकल्पित किया गया मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा निर्वाचन के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे ईसीआई के 139 प्रेक्षक

## प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर कर सकते हैं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और निर्वाचन व्यय संबंधी शिकायतें

### 63 सामान्य प्रेक्षक, 33 पुलिस प्रेक्षक और 43 व्यय प्रेक्षक शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वतंत्र, निष्पक्ष, बाधारहित और पारदर्शी निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 139 प्रेक्षक नियुक्त किए हैं। इनमें 63 सामान्य प्रेक्षक , 33 पुलिस प्रेक्षक और 43 व्यय प्रेक्षक शामिल हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा इन प्रेक्षकों के मोबाइल नम्बर जारी किए गए हैं। प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और निर्वाचन व्यय संबंधी शिकायतें कर सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में पहले चरण के मतदान वाले कोंडागांव जिले के केशकाल विधानसभा क्षेत्र के लिए एस.डी. मंधारे (मोबाइल नम्बर - 7587016521) और कोंडागांव विधानसक्षा क्षेत्र के लिए बालाजी दिगम्बर (मोबाइल नम्बर - 7587016522) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कोंडागांव जिले के लिए वाई.एस. रमेश (मोबाइल नम्बर - 7587016523) को पुलिस प्रेक्षक और दिनेश कुमार जांगिड़ (मोबाइल नम्बर - 7587016524) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग ने कबीरधाम जिले के लिए अजय कुमार गुप्ता (मोबाइल नम्बर - 7587016529) को सामान्य प्रेक्षक, राजेश खुराना (मोबाइल नम्बर - 7587016530) को पुलिस प्रेक्षक और वेंकन्ना तेजवत (मोबाइल नम्बर - 7587016481) को व्यय प्रेक्षक बनाया है। ये तीनों प्रेक्षक कबीरधाम जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों पंडरिया और कवर्धा की निगरानी करेंगे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# डीपनेक आउटफिट पहन रकुल प्रीत सिंह ने इंटरनेट पर लगाई आग



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपना लेटेस्ट लुक फैंस के बीच शेयर कर इंटरनेट पर तबाही मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देख लोगों की नजरें हटना मुश्किल हो गया है। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पिंक कलर का गाउन पहना हुआ था। इन तस्वीरों में उनकी ग्लैमरस अदाएं फैंस के दिलों पर खंजर चलाने काम कर रही थीं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपनी एक्टिंग और लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर अक्सर लाइमलाइट लूट लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक अंदाज पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से फैंस का दिल मचल दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। साथ ही उनके ग्लैमरस लुक को देखकर तारीफों के पुल बांध रहे हैं। रकुल प्रीत सिंह ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पिंक कलर का बेहद ही खूबसूरत गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बॉर्बी डॉल जैसी नजर आ रही हैं। बालों का हाई बन बनाकर और साथ ही न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। उनकी तस्वीरें जब भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट होती हैं तो फैंस लगातार लाइक्स और कॉमेंट्स करने लग जाते हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस इन दिनों अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' की शूटिंग में बीजी हैं।

# रोजाना खाली पेट एक सेब खाना शुरू कर दें, फायदे देख नहीं कर पाएंगे विश्वास

**सेब को लेकर यह बहुत पुरानी कहावत है और सच भी है। हमारे घर के बड़े- बुजुर्ग हमेशा कहते हैं कि हर रोज एक सेब खाएं। इससे आपकी हेल्थ संबंधी दिक्कत खत्म हो जाएगी। यह फल पोषक तत्व से भरपूर है। पाचन से लेकर स्किन, बाल तक के लिए यह काफी ज्यादा फायदेमंद है। आजकल तो डाइटिशियन हेल्थ एक्सपर्ट तो आपको खाली पेट कई सारी चीजें खाने की सलाह देते हैं। रोजाना खाली पेट एक सेब खाएं यह काफी पुरानी सलाह है। जिसे हमेशा घर के बड़े-बजुर्ग कहते आए हैं।**

### पेट के लिए बहुत ही अच्छा है सेब

सेब फाइबर का एक बहुत अच्छा सोर्स है। साथ ही यह जल्दी डायजेस्ट हो जाता है। सेब आपको कब्ज की बीमारी से छुटकारा दिलाता है और पाचन को दुरुस्त करता है।

### हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है सेब

हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए सेब बहुत अच्छा होता है। यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को काफी हद तक कंट्रोल करता है। इसका मतलब है कि यह किसी भी हार्ट की बीमारी के जोखिम को कम कर सकता है।

### सेब फ्री रेडिकल्स को दूर करता है

पोषक तत्व से भरपूर सेब क्वेरसेटिन और विटामिन सी से भरपूर होते हैं। जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से लड़ने में काफी ज्यादा मदद करते हैं। शरीर के पुरानी बीमारियों को ठीक भी करते हैं।

### वजन को कंट्रोल में रखता है

सेब में काफी ज्यादा हाई फाइबर होता है जिसे खाने के बाद पेट भरा-भरा लगता है। साथ ही वजन कंट्रोल में रहता है।

### हड्डियों के लिए फायदेमंद

सेब में विटामिन डी भी होता है जो हड्डियों के लिए काफी अच्छा होता है। इसे खाने के बाद हड्डी मजबूत होती है।

### डायबिटीज में मददगार

सेब खाने से डायबिटीज कंट्रोल में रहता है। इसमें फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। डायबिटीज के मरीजों के लिए सेब काफी ज्यादा अच्छा होता है।

### स्किन और बाल के लिए अच्छा होता है सेब

सेब में पाए जाने वाले विटामिन सी हेल्दी कोलेजन को शरीर में बढ़ावा देता है। इससे स्किन की इलास्टिसिटी और ऑलओवर हेल्थ के लिए काफी ज्यादा अच्छा होता है।



# टाइगर 3 में सलमान को पूरी टक्कर देंगी कैटरीना, बोलीं- किसी हीरोइन ने नहीं किया होगा ऐसा

**कैटरीना कैफ इन दिनों फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म के ट्रेलर में सलमान खान की तरह कैटरीना भी खूब मार-धाड़ करती दिखी हैं। अब हाल ही में उन्होंने फिल्म में अपने किरदार पर बात की और बताया कि यह उनके लिए कितनी चुनौतीपूर्ण रहा। इसी के साथ कैटरीना ने फिल्म में अपनी जोया की भूमिका को अपने करियर की सबसे शानदार भूमिका बताया।**

कैटरीन बोलीं, टाइगर 3 दिखाएगी कि जब अपने परिवार या देश या मानवता को बचाने की बात आती है तो ऐसा कुछ नहीं है, जो एक महिला नहीं कर सकती। जोया बताती है कि लड़कियां पालन-पोषण करने के साथ-साथ खतरनाक रक्षक भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा, जोया अपने धैर्य और साहस से किसी की भी बराबरी कर सकती है। वह लड़ाई से पीछे नहीं हटती और एक्शन के मामले में भी पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चलती है।

कैटरीना ने कहा- जोया मेरे करियर की सबसे पसंदीदा भूमिकाओं में से एक है। अपने किरदार की एक और चीज जो मुझे लुभाती है, वो ये है कि उसका एक्शन करने का तरीका या कहें स्टाइल भी बड़ा अनोखा है। वह बेहद जटिल से जटिल एक्शन दृश्यों को भी बड़ी आसानी से कर सकती है, जैसा कि आप ट्रेलर में देख सकते हैं।कैटरीना के मुताबिक, जोया का मुकाबला दुश्मनों की फौज से है, जिससे वह अकेले ही निपटती है।



कैटरीना बोलीं, हम चाहते थे कि जोया में अधिक ताकत हो। मुझे सचमुच कड़ी मेहनत से गुजरना पड़ा। यह यकीनन मेरे करियर का सबसे कठिन प्रशिक्षण था। जोया का एक्शन देख आपको अहसास होगा कि ऐसे दृश्यों को पहले कभी किसी महिला ने नहीं किया।उन्होंने कहा, दुनिया की कुछ बेहतरीन एक्शन टीमों द्वारा बनाए गए इन दृश्यों को मैं दर्शकों को बड़े पर्दे पर दिखाने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैंने इनके लिए 2 महीने तक तैयारी की है।

टाइगर फ्रेंचाइजी में जोया एक ऐसा किरदार है, जो किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं है। वह एक खतरनाक और बुद्धिमान जासूस है, जो एक्शन के मामले में किसी से पीछे नहीं है।इस बार निर्माताओं ने इस किरदार का कद और बढ़ो दिया है।टाइगर 3 इस दिवाली यानी 12 नवंबर को रविवार के दिन रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मनीष शर्मा ने संभाली है, वहीं आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं।

# तेजी से वजन कम करने के लिए डाइटिंग करें या जिम जाएं

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट



आजकल वजन कम करने का एक क्रेज देखने को मिल रहा है। हर कोई अपनी फिटनेस और लुक को लेकर फिक्रमंद नजर आ रहा है। चुस्त और दुरुस्त रहने के लिए लोग डाइट को बेहतर बना रहे हैं और जिम में भी पसीना बहा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वेट लॉस को लेकर कई वीडियो बन रहे हैं, जिसे देखकर भी लोग इंस्पायर हो रहे हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि अगर फिट रहना है तो जिम या डाइट दोनों में से किस पर ज्यादा फोकस करना ज्यादा बेहतर है। क्योंकि ज्यादातर लोग इस बात को लेकर कंफ्यूज हैं कि डाइट मेंटेन करने के बाद जिम जाना जरूरी है भी या नहीं। आइए जानते हैं जिम या डाइट वेट कम करने में क्या है सबसे बेहतर।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक अगर बीएमआई 25 से ज्यादा है तो ये बताता है कि आपका वजन बढ़ा हुआ है। हमारे देश में इसे 23.99 तय किया गया है। बीएमआई 24 से ज्यादा ओवरवेट कहलाता है और 30 से ज्यादा मोटापे वाली सिचुएशन बताता है। डॉक्टरों का मानना है कि वजन कम करने के लिए जितना जरूरी डाइट मेंटेन रखना है, उतना ही जरूरी फिजिकल एक्टिविटीज भी है। हालांकि, वे ये भी मानते हैं है कि ये तय कर पाना काफी कठिन है कि वजन कम करने के लिए जिम या डाइट में से ज्यादा बेहतर कौन है।


### वजन घटाने में डाइट की भूमिका

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, डाइट में कैलोरी इंटेक जैसी दूसरी चीजों का ध्यान रखकर वजन को बढ़ने से पहले ही कंट्रोल कर सकते हैं। ओवरवेट या मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं तो जिम जा सकते हैं लेकिन इस दौरान भी डाइट पर फोकस बनाए रखना हैं। जो भी खा रहे हैं, उसे पचाने के लिए इंडोर फिजिकल एक्टिविटी कर सकते हैं।

### मोटापा कम करने में जिम का रोल

वजन है यानी मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं और वजन कम करना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले समझ लें कि मोटापा एक तरह की बीमारी है जो हाइपरटेंशन, डायबिटीज, जोड़ों में दर्द की समस्या शरीर को दे सकता है। मोटापा कम करने के लिए जिम जा सकते हैं। इसका असर जल्दी ही देखने को मिलता है। हालांकि, इसके लिए सही ट्रेनर चुनें और डाइट के लिए एक्सपर्ट की सलाह लें।

# तारा सुतारिया की अपूर्वा का पहला गाना दिवाली रिलीज, विशाल मिश्रा ने दी अपनी आवाज



बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म अपूर्वा को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए तारा ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। जहां कुछ दिन पहले निर्माताओं ने अपूर्वा का ट्रेलर जारी किया था तो वहीं अब फिल्म का पहला गाना दिवाली सामने आ चुका है। इसमें तारा, धैर्य करवा के साथ इश्क फरमाती नजर आ रही हैं। दिवाली को विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है तो वहीं इस गाने के बोल विशाल ने कौशल किशोर के साथ मिलकर लिखे हैं। अपूर्वा का निर्देशन निखिल नागेश भट्ट ने किया है, जबकि मुराद खेतानी फिल्म के निर्माता हैं। इसमें राजपाल यादव और अभिषेक बनर्जी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।यह फिल्म 15 नवंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर आएगी। 23 अक्टूबर को इस फिल्म की पहली झलक सामने आई थी, जिसे काफी पसंद किया गया था।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से अपील

# अपने मताधिकार का प्रयोग कर दूसरों को भी मतदान हेतु करें प्रेरित

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं कैट छत्तीसगढ़ चेप्टर के संयुक्त तत्वाधान में हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल एवं कैट सीजी चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा ने बताया कि आज मंगलवार, दिनांक-31 अक्टूबर 2023 को चेंबर प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में 7 एवं 17 नवंबर 2023 को होने जा रहे विधानसभा चुनाव में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने चेंबर भवन में जिलाधीश डॉ.सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश मिश्रा एवं डॉ. सी.एल.शर्मा की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चेंबर के पदाधिकारी, 150 व्यापारिक संघों के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में चेंबर प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सीजी चेप्टर कैट) के अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने कहा कि व्यापारीवर्ग का विकसित सभ्य समाज एवं आर्थिक योगदान के साथ-साथ स्वस्थ शासन की स्थापना में भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की केवल एक ही मंशा है कि आने वाली सरकार व्यापारियों के हित में सोच। व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं उनके व्यापार के विकास के लिए भी नए शासकीय योजनाएं लाई जाए। वर्तमान योजनाओं के अंतर्गत छोटे व्यापारियों को शामिल किया जाए। प्रदेश की जीडीपी में योगदान देने वाले हम व्यापारियों की भी भावी सरकार के समितियों में स्थान मिले।

श्री पारवानी जी ने बैठक में लोकतंत्र के इस महापर्व में 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को साधते हुए ''मैं, मेरा परिवार, मेरे कर्मचारी एवं उनके परिवार के शत प्रतिशत मतदान'' का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश के लगभग 2 करोड़ 12 लाख जनसंख्या में से हम 12 लाख व्यापारी हैं जो प्रदेश में 36 लाख मतदाताओं को चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित कर सकते हैं। व्यापारीगण अपने मताधिकार के साथ-साथ अपने परिवार एवं कर्मचारियों के मताधिकार का उपयोग अवश्य रूप से करवाएं। समस्त इकाइयों एवं एसोसिएशन मतदान हेतु अपने क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करें ताकि शत् प्रतिशत मतदान हो सके।

जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने चेंबर अध्यक्ष श्री पारवानी जी के नेतृत्व में शतप्रतिशत मतदान हेतु किए गए पहल हेतु बधाई देंते हुए यह जानकारी दी कि विगत विधानसभा चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों में 70 से 80 प्रतिशत तक वोट हुआ जबकि शहरी क्षेत्रों में 55 से 60 प्रतिशत ही वोटिंग हुई थी अतः इस बार अपना बहुमूल्य समय निकालकर व्यापारी एवं उनके कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिलाधीश महोदय ने हैप्पी वोटिंग का स्लोगन दिया साथ ही बताया कि उत्तर विधानसभा में निर्वाचन की जिम्मेदारी महिलाओं को दी है जिससे पुरूष एवं महिला दोनों की भागीदारी हो।

व्यापारियों को 80 वर्षों से अधिक आयु वाले वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिये किये गये विशेष मतदान व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी जी ने बताया कि हमेशा से व्यापारी समाज जागरूक समाज रहा है फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता गंभीरतापूर्वक मतदान करते हैं जबकि शहरी क्षेत्र में इसका मतदान का प्रतिशत औसतन कम होता है।

# रन फॉर वोट के लिए 'रैली' का आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग ने क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के सहयोग से 31 अक्टूबर 2023 को इस्पात भवन से इक्विपमेंट चैक तक 'रन फॉर वोट' के लिए 'रैली' आयोजन किया गया। यह 'रैली' एचआरडीसी से शुरू होकर सीईजेड चैराहे तक और वापस एचआरडीसी तक पहुंची। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता ने संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों की उपस्थिति में आसमान में गुब्बारे छोड़, रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। 'रन फॉर वोट' के तहत मतदाता जागरूकता हेतु शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेषक (सामग्री प्रबंधन) ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेषक (रावघाट) समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), श्री पवन कुमार, कार्यपालक निदेषक बी के गिरी सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

'रैली' में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, महाप्रबंधकगण, मेडिकल बिरादरी के वरिष्ठ डॉक्टर्स, संयंत्र के कर्मचारियों के साथ-साथ क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने 'रन फॉर वोट' के संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए विषय पर आधारित टी-शर्ट पहनकर वॉक किया।

## खास खबर

### राष्ट्रीय कला महोत्सव में संस्कार के विद्यार्थियों की धूम

**रायगढ़।** राष्ट्रीय कला महोत्सव देश राग नृत्य धाम कला समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक एस. एन. जी. ऑडिटोरियम भिलाई सेक्टर 4 एवं रामनगर शकुंतला विद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित प्रतियोगिता में सीनियर कैटेगरी में संस्कार पब्लिक स्कूल के ओम बंजारे को प्रथम स्थान एवं चिराग परमार को द्वितीय स्थान जबकि क्लासिकल नृत्य में यामी वैष्णव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। संस्कार स्कूल के चित्रकला शिक्षक रूद्र वैष्णव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में नागपुर, मुंबई ,दिल्ली, असम, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ से अलग-अलग जगहों से प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा को प्रस्तुति देने का और कला साधना को अपनी प्रतिभा से प्रस्तुति करने का मौका दिया हैं। इस प्रतियोगिता में सेमीक्लासिकल, फोक डांस, क्लासिकल, भरतनाट्यम, कथक, कुचिपूडि, उडीसी, शास्त्रीय गायन, भजन, और चित्रकला, पेंटिंग, मूर्तिकला, इन सभी विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता रखी गई थी। इस प्रतियोगिता में जो उच्च स्थान प्राप्त करने के बाद इंटरनेशनल प्रोग्राम हेतु श्रीलंका में प्रतिभा को दिखाने का मौका दिया जायेगा। इस प्रतियोगिता में हजारों की संख्या में प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी सीनियर ग्रुप कैटेगरी चित्रकला मे ओम बंजारे ने प्रथम स्थान एवं चिराग परमार को द्वितीय स्थान मिला जबकि शास्त्रीय कथक नृत्य में सब जूनियर कैटेगरी में संस्कार की यामी वैष्णव प्रथम स्थान (आऊटस्टैंडिंग) पुरस्कार प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों की सफलता पर संस्था के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा एवं प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्य स्थापना दिवस 01 नवंबर की प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं। डॉ. महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ वैदिक और पौराणिक काल से ही विभिन्न संस्कृतियों के विकास का केन्द्र रहा है। यहाँ के प्राचीन मन्दिर तथा उनके भग्नावशेष इंगित करते हैं कि यहाँ पर वैष्णव, शैव, शाक्त, बौद्ध संस्कृतियों का विभिन्न कालों में प्रभाव रहा है। एक संसाधन संपन्न राज्य, यह देश के लिए बिजली और इस्पात का एक स्रोत है, जिसका उत्पादन कुल स्टील का 15त्न है। छत्तीसगढ़ भारत में सबसे तेजी से विकसित राज्यों में से एक है। बता दें, छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 01 नवम्बर 2000 को हुआ था और यह भारत का 26 वां राज्य है। पहले यह मध्य प्रदेश के अन्तर्गत था। डॉ? हीरालाल के मतानुसार छत्तीसगढ़ 'चंडीगढ़' का अपभ्रंश हो सकता है। कहते हैं किसी समय इस क्षेत्र में 36 गढ़ थे, इसीलिये इसका नाम छत्तीसगढ़ पड़ा। भारत में दो क्षेत्र ऐसे हैं जिनका नाम विशेष कारणों से बदल गया - एक तो 'मगध' जो बौद्ध विहारों की अधिकता के कारण बिहार बन गया और दूसरा 'दक्षिण कौशल' जो छत्तीस गढ़ों को अपने में समाहित रखने के कारण छत्तीसगढ़ बन गया।

# भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर हुआ माल्यार्पण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती के उपलक्ष में श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज रायपुर द्वारा फ ाफ ाडीह टिंबर मार्केट स्थित सरदार पटेल चौक में सरदार पटेल की प्रतिमा में माल्यार्पण का कार्यक्रम रखा गया, जिसमे समाज तथा वार्ड के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

इसमें मुख्य रूप से उत्तर विधानसभा के विधायक कुलदीप जुनेजा, वार्ड पार्षद तिलक भाई पटेल, पाटीदार समाज के पदाधिकारीगण एवं वार्ड के प्रबुद्धगण नागरिक उपस्थित रहे।

# छग बजरंग दल द्वारा भव्य शस्त्र पूजन शोभायात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई।प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी छ.ग. बजरंग दल द्वारा प्रांत संयोजक रतन यादव के मार्गदर्शन में व छ.ग. बजरंग दल विभाग संयोजक रवि निगम के नेतृत्व में भव्य शस्त्र पूजन शोभायात्रा का आयोजन किया गया, सुपेला घड़ी चौक हनुमान मंदिर से आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे विधि विधान से सभी शस्त्रों पूजा अर्चना किया गया।



तत्पश्चात गाजे - बाजे ,अखाड़ा , वीरांगना एवं माता के स्वरूप में दुर्गा वाहिनी व हनुमान जी की मनमोहित ंभव्यट्ठझांकी से सुसज्जित विशाल शोभायात्रा, हजारों की संख्या में मातृशक्ति , दुर्गा वाहिनी एवं बजरंगियों के साथ सुपेला चौक से लक्ष्मी मार्केट फिर गदा चौक होते हुए रावण भाटा से वापस सुपेला चौक हनुमान मंदिर में समापन हुआ, जिसमे कई प्रकार का डीजे,अखाड़ा, धूमाल और सुसज्जित झांकी शामिल हुए।

राम नाम के जय घोष से पूरा वातावरण भगवामय हो गया, जगह जगह अनेक समाज, समुदाय द्वारा शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया, सभी कार्यकर्ताओं को उत्साहित व संकल्पित करते हुए विभाग संयोजक रवि निगम ने बताया कि- वर्षों से चली आ रही हमारे गौरवशाली परंपरा विजय दशमी पर्व पर शस्त्र पूजन का आयोजन, 'असत्य पर सत्य की - अधर्म पर धर्म की जीत' की उत्साह में किया जाता है, आज के दिन हम संकल्प लेते हैं कि हम प्रभू श्री राम जी के आदर्शों पर चलकर अपने नए भारत का निर्माण करेंगे और सभी वीर हिंदू भाइयों को अपने धर्म के प्रति जागरूक करेंगे और सभी सनातनी एकजुट रहेंगे कोई भी विधर्मी हमारे धर्म के ऊपर बुरी नजर डालेगा उसका वही हश्र होगा जो राक्षसों का हुआ था।

इस भव्य शस्त्र पूजन शोभात्रा में प्रांत संयोजक रतन यादव जी, प्रांत अध्यक्ष गौतम जैन जी, प्रांत उपाध्यक्ष विकास ठाकुर जी, चंदन राजपूत जी, विभाग संयोजक रवि निगम जी , विभाग सहसंयोजक कुशल तिवारी, जिला सह मंत्री रितिक सोनी ,संगठन विस्तारक ईश्वर गुप्ता ,अध्यक्ष सूर्या राजपूत , जिला उपाध्यक्ष कमल साव, ओजस्वी वक्ता विशाल ताम्रकर, कवर्धा के हिंदू शेर दुर्गेश देवांगन, मीडिया विभाग डा. शेखर ताम्रकार, जिला संयोजक रवि भारती , सहसंयोजक अजय सेन , राजा साहू , लक्ष्मण यादव , जिला सत्संग प्रमुख इंद्रजीत महाराज , जिला सुरक्षा प्रमुख अनिल बेहरा , सह सुरक्षा प्रमुख नंदन ओझा, सुपेला प्रखंड अध्यक्ष कौशल यादव, सुपेला प्रखंड संयोजक करण सोनी ,नगर अध्यक्ष कमलेश साहू , भिलाई नगर उपाध्यक्ष मनोज साहू, कैंप संयोजक आतिश गौर , जामुल प्रखंड मंत्री कमल निषाद , सोमनाथ यादव , डोमन साहू , विशाल , लकी , मुरली, योगेश , राहुल सहित हजारों की संख्या में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी व बजरंग दल कार्यकर्ताओं शाहिद समस्त हिंदू समाज सम्मिलित हुआ।

## बसंतपुर के तीनों वार्डों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ धुंआधार प्रचार-प्रसार

# विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का ढांचा खड़ा किया डॉ रमन नेः गिरीश देवांगन

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। राजनांदगांव विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन शहर में अपने धुआंधार जनसंपर्क कर जन समर्थन जुटा रहे हैं आज वार्ड 43 के मां फ्रिंतीन मंदिर से पूजा अर्चना कर जनसंपर्क यात्रा की शुरूआत होगी जो वार्ड भ्रमण करते हुए राजीव नगर वार्ड 42 एवं वार्ड 46 बसंतपुर का भ्रमण करते हुए महामाया चौक में जनसंपर्क यात्रा का समापन हुआ।



जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता कंधे से कंधे मिलाकर चल रहे हैं लगातार शहरी क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए गिरीश देवांगन ने कहा 15 वर्षीय मुख्यमंत्री जिस क्षेत्र का नेतृत्व करें वहां विकास के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार व कमीशन का ढांचा नजर आए तो विकास नहीं विनाश का पर्याय है और शहर को दो भागों बांटने वाला फ्लाई ओवर उस पर एक करोड़ 13 लाख की लागत का फुट ओवर ब्रिज जो पावर ग्रिड कंपनी द्वारा अपने जनहित के उद्देश्य से राशि प्रदान की थी उसकी भी दुर्गति डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में हुआ प्यारेलाल स्कूल चौक में भूमिपूजन कर नए बस स्टैंड में बिना एनएचएआई से एनओसी लिए निर्माण कराया गया।

जिसका ढांचा आज शहर को बदनुमा किए हुए हैं महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की गुणवत्ताहीन बिल्डिंग हो या भदोरिया चौक से लेकर अग्रवाल ट्रांसपोर्ट तक के विकास के नाम पर आम जनता के घरों पर विध्वंसक कार्यवाही की सड़क चौड़ीकरण पेंड्री से सीआईडी कॉलेज तक गलत कनेक्टिविटी का बाईपास सड़क सहित मातृ शिशु अस्पताल का भी श्रेय के चलते दो बार लोकार्पण करने का काम डॉ रमन सिंह ने अपने कार्यकाल में किया एक अदूरदर्शी सोच वाले नेतृत्व के कारण विकास के नाम पर सिर्फकमीशन भ्रष्टाचार की जो इमारत खड़ी है वह सीधे सीधे राशि का दुरुपयोग है।

जिसके विकास से आम जनता को कोई फायदा नहीं हुआ और सिर्फजनता परेशान है ऐसे नेतृत्व को बदलने का समय आ गया है डॉ रमन सिंह का विधानसभा क्षेत्र की जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है जो इनकी निष्क्रियता का जीता जागता उदाहरण है भारत देश में पहले ऐसे मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र है जहां विकास की कोरी कल्पना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर विकास के खंडहर रूपी स्मारक के रूप में स्थापित है। कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से मन्ना यादव, मेहुल मारू, दिनेश शर्मा, सूर्यकांत जैन, हरिनारायण धकेता, राजेश गुप्ता, चंपू, ऋषि शास्त्री, हेमू सोनी, राजा यादव, मानव देशमुख, रीना पटेल, जगत चिन्टू शर्मा, सुरेन्द्र देवांगन,संजय साहू, राजकुमार जायसवाल, गंगाबाई साहू, शीला देवांगन, सूरज देवांगन, सोहागा श्रीरंगे, मीराबाई, संगीता साहू, दुरपत साहू, रत्ना साहू, राजकुमार, तुलसी देवदास, पप्पु देवांगन, गिरजा साहू, बीना साहू, संध्या, रोहिणी राजपूत, सुगबती, दुलीचंद साहू, सुकालू निषाद, देवीलाल, देवेन्द्र शर्मा, कुमार निषाद, छोटू, मेमबाई, सुखिया बाई यादव, झुनिया बाई देवांगन, रमेश यादव, डाली सहित शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सबेरे से शहर के निरीक्षण में निकले कलेक्टर साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल आज साफ-सफाई का जायजा लेने शहर निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने शहर के अलग-अलग ईलाकों का निरीक्षण किया और आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी को शहरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य अमला भी साथ रहा। कलेक्टर गोयल ने इस दौरान डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया तथा डेंगू के नियंत्रण हेतु अधिक मामले मिल रहे है उन स्थानों में वहां सोर्स रिडक्शन के साथ एनजीओ के सहयोग से जन जागरूकता के लिए विशेष रूप से प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। जिससे लोगों में डेंगू को लेकर सतर्कता व सजगता बढ़े तथा डेंगू के रोकथाम के लिए जरूरी उपायों को लोग अपने घरों में अपना सके। इससे डेंगू के मामलों को पूर्णतः नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली।

कलेक्टर गोयल ने इस दौरान शहर में बूजी भवन चौक, नेत्र चिकित्सालय के सामने, संजय काम्पलेक्स, गौरीशंकर मंदिर, केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड व जयसिंह तालाब आदि स्थानों का निरीक्षण कर वहां साफ-सफाई का जायजा लिया। कलेक्टर गोयल ने कहा कि शहर में साफ -सफ ाई व्यवस्था दुरूस्त हो, इसके लिए नियमित रूप से सभी गारबेज प्वाईंट से कचरे का कलेक्शन किया जाए।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### 806 लीटर महुआ शराब जब्त पांच आरोपित गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** आबकारी अमले ने बिल्हा और मस्तूरी क्षेत्र के नगाराडीह, सारधा, गोडाडीह और बेल्हा में दबिश देकर 806 लीटर महुआ शराब जब्त की है। इस दौरान 375 किलो लहान नष्ट किया गया है। मामले में पांच आरोपित को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

आबकारी विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली कि मस्तूरी क्षेत्र के गोडाडीह बेल्हा व बिल्हा क्षेत्र के ग्राम सारधा और नगाराडीह में महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। इस पर आबकारी अमले ने दबिश देकर ग्राम सारधा निवासी विजय उपाध्याय के कब्जे से 220 लीटर, पंचूराम केंवट के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब जब्त की है। ग्राम नगाराडीह में रहने वाले संतोष बंजारे के कब्जे से सात लीटर महुआ शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आबकारी टीम ने ग्राम नगाराडीह में 285 लीटर शराब, ग्राम बेल्हा में 264 लीटर शराब लावारिस जब्त की। साथ ही दोनों गांव से एक हजार 185 किलो लहान नष्ट किया गया है। इसके अलावा रोहित बंजारे निवासी नगाराडीह व अनुज चक्रवर्ती निवासी बेल्हा के कब्जे लहान जब्त कर नष्ट किया गया है।

### प्रशिक्षण अधिकारी के मोबाइल पर ओटीपी भेजकर खाते से पार किए तीन लाख रुपये

**बिलासपुर (ए)।** आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी के मोबाइल पर ओटीपी भेजकर दो लाख 95 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सरकंडा के रामा ग्रीन सिटी में रहने वाले आशीष श्रीवास कोनी स्थित शासकीय आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारी हैं। उनका आइडीएफसी फस्ट बैंक में खाता है। उन्होंने 28 अक्टूबर को एकाउंट चेक किया। इस दौरान पता चला कि खाते से दो दिन के भीतर दो लाख 95 हजार रुपये का लेनदेन हुआ है। इस दौरान उन्होंने कोई लेनदेन नहीं किया था। इसके कारण धोखाधड़ी की आशंका हुई। उन्होंने बैंक स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि 26 अक्टूबर को चार बार में एक लाख रुपये और 28 अक्टूबर को तीन बार में 95 हजार रुपये खाते से निकाले गए हैं।

# 39 करोड़ से ज्यादा की नगदी और सामान जब्त, निगरानी दलों की जांच में 1 करोड़ की शराब भी पकड़ाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 30 अक्टूबर तक की स्थिति में 39 करोड़ 53 लाख रुपए से अधिक की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें दस करोड़ 43 लाख रुपए की नगद राशि भी शामिल हैं।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 30 अक्टूबर तक 33 हजार 534 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 1 करोड़ रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान 14 करोड़ 82 लाख 76 हजार रुपए कीमत के 184 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत 10 करोड़ 15 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जांच की कार्रवाई लगातार जारी है।

## एसएसटी की जांच में पकड़ाया 3.83 लाख रुपए कैश अमलेश्वर व अंडा थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई

**दुर्ग।** जिले के पुलिस कप्तान राम गोपाल गर्ग के निर्देशन में सम्पूर्ण जिले में सघन वाहन जांच चल रही है। इसी जांच के कारण लगातार एसएसटी की टीम कैश व अन्य सामान जब्त कर रही है। इसी कड़ी में थाना अम्लेश्वर क्षेत्र में विधानसभा ड्यूटी के दौरान एसएसटी टीम के द्वारा वाहन चेकिंग में 1 लाख 50 हजार रुपए कैश जब्त किया है। इसी प्रकार थाना अंडा क्षेत्र में एसएसटी टीम ने 2 लाख 33 हजार रुपए कैश जब्त किया है।



मिली जानकारी के अनुसार यह कैश सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान मिला। दोपहर 12:15 बजे वाहन क्रमांक सीजी 04 पीडी 6482 कार चालक सुधांशु सिंह निवासी अमलीडीह रायपुर कब्जे से 500-500 रुपए के 3 बंडल कुल 1,50,000 रुपए मिले। इसी प्रकार अंडा थाना क्षेत्र में तिराहा पॉइंट पर वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 12 आर 5429 शिफ्ट कार में 2 लाख 33 हजार रुपए कैश मिला। उक्त दोनों ही मामलों में कार चालक कैश के संबंध में पुलिस को कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस ने उक्त कैश को जब्त कर लिया।

## एसएसटी ने पकड़ा 8 किलो चांदी, एक्टिवा से लेकर जा रहा था शख्स



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के कारण निगरानी दलों द्वारा सघन जांच की जा रही है। सभी जिलों में पुलिस, एसएसटी व एफएसटी जांच कर रही है। इसी कड़ी में दुर्ग में विधानसभा क्षेत्र के एसएसटी क्रमांक 49 की टीम ने लाखों की चांदी जब्त की है। एक्टिवार से शख्स 8 किलो चांदी के जेवर लेकर जा रहा था। जब्त चांदी की कीमत 4 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार एसएसटी प्रभारी अधिकारी शकील अहमद खान (बीएसपी), उप निरीक्षक रंजित कुमार पाठक, महिला आरक्षक चन्द्रकला देशमुख एवं विडियोग्राफर लोकेश बंजारे की आज चेकिंग ड्यूटी लगी थी। जांच के दौरान दिन करीब मंगलवार की सुबह 10.30 बजे ग्रीन चौक दुर्ग के पास ओव्हर ब्रिज धमधा रोड दुर्ग की ओर से आ रहीं एक्टिवा वाहन क्रमांक CG 04 KD 2330 को रोककर जांच की गई। एक्टिवा को लक्ष्मी मार्केट सुपेला निवासी रमेशचंद्र मौर्य (40) चला रहा था।

जांच के दौरान थैले एवं डिग्गी में चांदी के जेवरात 8 किलोग्राम वजनी कीमत करीब 4,50,000 रुपए जब्त किया गया। चांदी के जेवरात के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि लक्ष्मी मार्केट सुपेला में उसकी खुद की ज्वेलरी दुकान है। उक्त जेवरात को ज्वेलर्स गंजपारा शक्ति चौरा दुर्ग से खरीद कर लाना बताया। मौके पर चांदी के जेवरात का कोई दस्तावेज, रसीद एवं संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर एसएसटी व पुलिस ने उक्त चांदी को जब्त किया है।

## पुराने वीडियो को कवर्धा का बताकर किया जा रहा वायरलः पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव

**कवर्धा (ए)।** जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने उनके पुराने वीडियो को कवर्धा जिले का बताकर वायरल करने पर खुलसा किया है। उन्होंने बताया कि मैंने इसी साल मार्च में दुर्ग जिले में चोरी की घटना का खुलासा प्रेस वार्ता में किया था जिसमे चोरी के आरोपी बांग्लादेश से आकर फर्जी आधार कार्ड बनवाए थे और देश भर में चोरी की घटनाओ में शामिल थे। अब मेरे उसी पुराने वीडियो को कवर्धा जिले का बताते हुए मुस्लिम लोगों द्वारा फर्जी आधार कार्ड बनवाकर कवर्धा में रहने की बात प्रसारित करते हुए वीडियो वायरल किया जा है जो की पूरी तरह से गलत है। पल्लव ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई प्रेस वार्ता नहीं ली गई है। पल्लव ने ऐसे भ्रामक वीडियो प्रसारित करने वालों पर कार्रवाई करने की बात कही है।



## जंगल में आबकारी विभाग का छापा, महुआ शराब जब्त

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (ए)।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश और आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद आबकारी विभाग लगातार अवैध मदिरा भंडारण और बिक्री पर कार्रवाई कर रहा है। आबकारी उप निरीक्षक जितेश नायक और विकास साण्डे के नेतृत्व में बाजार मूल्य 1 लाख 10 हजार 250 रुपए की मदिरा और लहान जप्त हुआ है। आबकारी टीम को सारंगढ़ विकासखंड के कनकबीरा जंगल क्षेत्र के ग्राम छिचपानी में छापा के दौरान 15-15 लीटर क्षमता वाले 4 प्लास्टिक जरिकेन में कुल 60 लीटर महुआ मदिरा, चार प्लास्टिक पालीथीन में भरा कुल 160 लीटर महुआ मदिरा, एक प्लास्टिक पालीथीन में भरा 100 लीटर महुआ मदिरा, 37 प्लास्टिक बोरी में भरा हुआ 25-25 kg 925 किलोग्राम महुआ लाहन का बाजार मूल्य 46 हजार 250, इस प्रकार कुल 320 लीटर मदिरा जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 64 हजार है। छापामार टीम में आबकारी मुख्य आरक्षक राधे गोविन्द पाण्डे, लाल सिंह कँवर और राजकुमार कश्यप शामिल थे।



## पुलिस ने जब्त किए 44 लाख रुपए के पटाखे व्यवसायी ने घर को बना रखा था अवैध गोदाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध रूप से छिपा कर रखे पटाखों को जब्त किया है। कोरबा की मानिकपुर पुलिस ने दादर खुर्द इलाके में छिपकर अवैध रूप से भंडार किए गए 44 लख रुपए के पटाखे को जब्त कर लिया है।

बता दें छत्तीसगढ़ में दीपावली पर्व को लेकर तैयारी लोगों ने शुरू कर दी है। इस पर्व पर पटाखों की खूब बिक्री होती है। पटाखा बेचकर लाभ कमाने की मंशा से कई व्यापारी असुरक्षित रूप से पहले ही पटाखा लाकर गोदाम में रख लेते हैं। यह अवैध भंडारण बड़ी घटना को निमंत्रण देता है इसलिए पुलिस दीपावली से पहले इस तरह के भंडारण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पटाखा जब्त किया करती है।



इसी कड़ी में साइबर सेल, सिविल लाइन रामपुर और मानिकपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से लगभग 44 लाख का पटाखा जब्त करने में सफलता पाई है। आरोपी से 44 लाख से ज्यादा कीमत के 83 कार्टून पटाखा जब्त किया गया है। विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि दादरखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रिहायसी इलाके में अमृत लाल गुप्ता अपने और अपने साथियों का पटाखे का अवैध भण्डारण करके रखा है जो जन सामान्य के लिए संकटापन्न है, जिस पर तत्काल कार्रवाई की गई है।

## धारदार हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वाला आदतन बदमाश गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला विधानसभा चुनाव को देखते हुए दुर्ग एसपी ने सभी थाना क्षेत्रों में आदतन बदमाशों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में पुलिस ने धारदार हथियार लेकर गुंडागर्दी कर रहे आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाश के पास से एक चाकू बरामद किया है।




पुलिस ने बताया कि 31 अक्टूबर को दोपहर करीबन 2.00 बजे मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति सुभाष चौक प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला के पास धारदार हथियार नारियल काटने का चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। मुखबिर सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस द्वारा तत्काल संदेही को घेराबंदी कर सुभाष चैक प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला से आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का नारियल काटने का धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी रवि चैहान निवासी सिविल लाईन सांई मंदिर के पास कोतवाली दुर्ग को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में दुर्ग जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, उप निरीक्षक प्रमोद सिन्हा, प्रधान आरक्षक संतोष शर्मा, आरक्षक सुरेन्द्र पटेल, रवि साव एवं सूर्य प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572



# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस

## के गाड़ा-गाड़ा बधई अउ शुभकामना

# वादा है फिर निभाएंगे

- पहले की तरह किसानों का कर्ज माफ होगा
- KG से PG तक नि:शुल्क शिक्षा मिलेगी, मेडिकल और इंजीनियरिंग भी
- गैस सिलेंडरों पर ₹500 प्रति सिलेंडर सब्सिडी महिलाओं के खातों में जमा होंगे
- 200 यूनिट तक मिलेगी बिजली मुफ्त
- 17.5 लाख गरीब परिवारों को मिलेगा खुद का आवास
- तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा ₹4,000 सालाना बोनस
- गरीब परिवारों को ₹10 लाख तक, APL परिवारों को ₹5 लाख तक इलाज की सहायता
- भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में ₹7,000 की जगह अब ₹10,000 सालाना
- महिला स्व सहायता समूहों तथा सक्षम योजनांतर्गत लिए ऋण होंगे माफ
- लघु वनोपजों की MSP पर देंगे अतिरिक्त ₹10/ प्रति किलो
- राज्य के सभी शासकीय स्कूलों का होगा स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अपग्रेडेशन
- 700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्कों (रीपा) की करेंगे स्थापना
- सड़क एवं अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं पर होगा नि:शुल्क इलाज
- परिवहन व्यवसायियों के ₹726 करोड़ का बकाया कर्ज होगा माफ
- तिवरा की भी होगी समर्थन मूल्य पर खरीदी
- जातिगत जनगणना करवाई जाएगी

पंजा का बटन दबाएंगे
कांग्रेस को जिताएंगे

भरोसा
बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950